जेष्ठ मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 143, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 19 जून 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

बिहार में 20 जून तक रात 8 से सुबह 4 बजे तक चलेंगी ट्रेनें, स्टेशनों पर आगजनी के बाद फैसला, हिंसा के बीच राजनाथ सिंह ने 'अग्निपथ' योजना को सही ठहराया

अग्निपथ की आंच में सुलगा देश

पटना/नई दिल्ली/लखनऊ/जयपुर: बिहार में उग्र प्रदर्शन को देखते हुए रेलवे ने बड़ा फैसला लिया है। ट्रेनों और यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए अब बिहार में पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार से गुजरने वाली ट्रेनें 20 जून तक रात 8 बजे से सुबह 4 बजे तक ही चलेंगी। बिहार में चौथे दिन भी प्रदर्शन जारी रहा। पटना के मसौढ़ी में तारगेना स्टेशन के पास पत्थरबाजी और फायरिंग हुई है। प्रदर्शनकारी स्टेशन में तोड़फोड़ करने लगे। पार्किंग में खड़ी गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पथराव किया है। काबू पाने के लिए पुलिस ने कई राउंड फायर किए हैं।

प्रदर्शनकारियों ने थाने पर हमला कर दिया: बताया जा रहा है कि मसौढ़ी में सुबह 8 बजे कोचिंग से छुट्टी के बाद छात्र स्टेशन पर जुटने लगे। छात्र तोड़फोड़ करने लगे। स्टेशन मास्टर के केबिन और बुकिंग काउंटर को फूंक दिया। गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की। इसके बाद प्रदर्शनकारियों की ओर से पुलिस पर 10-15 राउंड फायर किए गए। बचाव में पुलिस ने 100 से ज्यादा राउंड गोलियां चलाई हैं।

राजस्थान में भी अग्निपथ का विरोध: अग्निपथ योजना के विरोध में राजस्थान के कई जिलों में युवा प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों की पुलिस से भी झड़प हुई। प्रदेश के जयपुर, जोधपुर, अजमेर अलवर सहित छह जिलों में हिंसक प्रदर्शन हो रहे हैं। जयपुर शहर में बेनाड़ रेलवे स्टेशन पर तोड़फोड़ की गई है। वहीं, भरतपुर में रोडवेज बसें रोक दी गईं। बिहार में उग्र प्रदर्शन के कारण कोटा-पटना एक्सप्रेस भी कैंसिल हो गई है। शनिवार को विरोध की शुरूआत अलवर जिले से हुई। यहां के बहरोड़ में आर्मी की तैयारी कर रहे युवाओं ने जयपुर-दिल्ली नेशनल हाईवे जाम कर दिया। पुलिस के रोकने पर वह पत्थरबाजी करने लगे। विरोध के चलते यहां तैनात पुलिस से भी प्रदर्शनकारी भिड़ गए। करीब एक घंटे तक हाईवे जाम रहा। हाईवे के अलग-अलग हिस्सों पर बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात किया गया है। झुंझुनूं जिले में भी स्टूडेंट्स ने सड़क जाम करने की कोशिश की है। यहां के चिड़ावा कस्बे में छात्रों से पुलिस की झड़प भी हुई और रेलवे ट्रैक को भी जाम करने की कोशिश की गई।

जयपुर और जोधपुर में भी विरोध: अग्निपथ योजना के खिलाफ युवाओं का गुस्सा जयपुर और जोधपुर में भी देखने को मिल रहा है। जयपुर के सांगानेर में स्टूडेंट्स ने रैली निकाली और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। यहां के बेनाड़ रेलवे स्टेशन में दोपहर अचानक बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स घुस गए और तोड़फोड़ की। मौके पर पहुंची पुलिस ने उपद्रवियों को वहां से खदेड़ा है और सुरक्षा बढ़ाई गई है। वहीं, जोधपुर में प्रदर्शन कर रहे छात्रों को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

पुलिस ने छात्रों को खदेड़ा: सीकर और श्रीगंगानगर में भी पुलिस ने छात्रों को खदेड़ा है। युवाओं का कहना है कि अग्निपथ योजना देश के युवाओं के हित में नहीं है। सरकार को इसे वापस लेना होगा अन्यथा उग्र आंदोलन शुरू किया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

औरंगाबाद में पुलिस पर हमला

औरंगाबाद के गोह प्रखंड में उपद्रवियों ने थाना पर हमला कर दिया। जिसमें तीन से चार पुलिसकर्मी जख्मी हो गए। बसों में भी तोड़फोड़ की गई। साथ ही ब्लॉक ऑफिस पर भी पथराव किया गया। घटना के बाद पुलिस ने दर्जनभर से ज्यादा प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया है। दाउदनगर-पटना रोड में एक बस पर हमला किया। जिसके बाद बस वापस लौट गई। रफीगंज में भी बाजार में घुसकर प्रदर्शनकारियों ने हंगामा किया। हालांकि तत्काल पुलिस पहुंच गई। जिसके बाद प्रदर्शनकारी भाग गए।

ऐसे विरोध की उम्मीद नहीं थी: नेवी चीफ

देशभर में जारी विरोध प्रदर्शन के बीच नेवी चीफ एडमिरल आर हरि कुमार ने अग्निपथ योजना को लेकर बयान दिया। उन्होंने कहा- मुझे इस तरह के किसी विरोध की उम्मीद नहीं थी। हमने करीब डेढ़ साल तक अग्निपथ योजना पर काम किया। यह भारतीय सेना में सबसे बड़ा ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट ट्रांसफार्मेशन है। स्कीम की गलत सूचना और गलतफहमी के कारण विरोध हो रहा है। यह स्कीम देश और युवाओं के लिए फायदेमंद है, क्योंकि यह उनके लिए अधिक अवसर पैदा करेगी। जहां पहले एक व्यक्ति को आर्म्ड फोर्सेस में सेवा करने का अवसर मिलता था, अब यह शायद 4 लोगों को मिलेगा। कम अवधि की सर्विस के मुद्दे पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि इसके कई फायदे हैं। अग्निवीरों को यह तय करना होगा कि वे आर्म्ड फोर्सेस को करियर के रूप में अपनाना चाहते हैं या कोई दूसरी नौकरी करना चाहते हैं। आर्मी चीफ जनरल मनोज पांडे ने भी युवाओं से सेना में शामिल होने और अग्निवीर बनने की अपील की है। जनरल पांडे ने शुक्रवार को अग्निपथ योजना के तहत अपर एज लिमिट को 23 साल तक बढ़ाने के केंद्र के फैसले की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस फैसले से उन युवाओं को अवसर मिलेगा जो सेना में शामिल होने की तैयारी कर रहे हैं, लेकिन पिछले दो साल में कोविड की वजह से रुकी भर्ती की वजह से शामिल नहीं हो सके।

मां के जन्मदिन पर उनसे मिलने पहुंचे मोदी: मां के पैर धोए फिर पानी आंखों से लगाया, उन्हें शॉल ओढ़ाकर पूजा भी की।

अग्निवीरों के लिए रक्षा मंत्रालय में भी 10 फीसदी आरक्षण

नई दिल्ली: गृह मंत्रालय के बाद रक्षा मंत्रालय ने एलान किया है कि वह अग्निपथ योजना में चार साल की ट्रेनिंग पूरे करने वाले अग्निवीरों को अलग-अलग विभागों में 10 फीसदी आरक्षण मुहैया कराएगा। रक्षा मंत्री कार्यालय की तरफ से ट्वीट में कहा गया कि अग्निवीरों को भारतीय कोस्ट गार्ड से लेकर डिफेंस सिविलियन पोस्ट्स में यह आरक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा डिफेंस सेक्टर से जुड़ी पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग में भी युवाओं की भर्ती की जाएगी। यह रिजर्वेशन पूर्व सैन्यकर्मी को दिए जाने वाले आरक्षण से अलग होगा। रक्षा मंत्रालय की तरफ से कहा गया है कि भर्ती नियमों में जल्द ही बदलाव किए जाएंगे। इसी तरह सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों को भी बदलाव के निर्देश देंगे। अग्निवीरों को भर्ती के लिए आयु नियमों में भी छूट देंगे।

भारत के विकास के लिए महिलाओं का सशक्तिकरण जरूरी : मोदी

वडोदरा/नई दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 21वीं सदी में भारत के विकास के लिए महिलाओं के सशक्तिकरण को अनिवार्य बताते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार ने पिछले 8 वर्षों में महिलाओं को सशक्त बनाया है। उन्होंने कहा कि आज सेना से लेकर खदान तक महिला कल्याण को ध्यान में रखकर नीतियां बनाई जा रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को गुजरात के वडोदरा में 21,000 करोड़ रुपये से।

अग्निपथ को लेकर उबाल, समर्थन में जुटे किसान

हरिद्वार: अग्निपथ के विरोध में धर्मनगरी हरिद्वार में पहुंचे देशभर के किसानों ने पैदल मार्च निकाला। लालकोठी से लेकर रोड़ीबेलवाला मैदान तक किसानों ने पैदल मार्च निकाल विरोध प्रदर्शन किया। भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के राष्ट्रीय अध्यक्ष की मौजूदगी में एलान किया गया कि अग्निपथ योजना समेत किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए अब 30 जून को देशभर में जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा। धर्मनगरी में चल रहे भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के तीन दिवसीय किसान महाकुंभ (चिंतन शिविर) के दूसरे दिन शुक्रवार को यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत के नेतृत्व में शनिवार को लालकोठी से रोड़ीबेलवाला मैदान तक पैदल मार्च निकालने का निर्णय लिया गया था। इसी के तहत भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के नेतृत्व में शनिवार को किसानों ने मार्च निकाला। भारतीय किसान यूनियन रोड गुट के प्रदेश अध्यक्ष पद्म सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना युवाओं के लिए छलावा है। इसका किसान संगठन कड़ा विरोध करेंगे। इसके विरोध में हरिद्वार में निकलने वाली पैदल यात्रा में बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। वहीं भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के जिलाध्यक्ष विजय शास्त्री का कहना है कि केंद्र सरकार ने युवाओं के साथ मजाक किया है। किसान महाकुंभ (चिंतन शिविर) में पहुंचे भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि अग्निपथ योजना का वह पहले ही कड़ा विरोध कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि पूरे देश में योजना को लेकर आंदोलन भी शुरू हो गया है। लेकिन यह विरोध हिंसक नहीं होना चाहिए। उन्होंने देशभर के युवाओं से शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन करने का आह्वान किया है। राकेश टिकैत ने कहा कि विरोध प्रदर्शन के दौरान सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाना और हिंसा करना राष्ट्रहित में नहीं है।

यूपी बोर्ड परीक्षा:प्रिंस पटेल ने हाईस्कूल में किया टॉप

सेना में जाना चाहते हैं यूपी 10वीं बोर्ड के प्रिंस

टॉपर प्रिंस पटेल

अंक	586/600
शहर	कानपुर नगर
पिता	किसान
मां	गृहिणी

कानपुर: यूपी बोर्ड परीक्षा में कानपुर के छात्रों ने परचम लहरा दिया। प्रिंस पटेल ने जहां 97.6 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान हासिल किया तो दूसरे स्थान पर संयुक्त रुप से किरण कुशवाहा रही। पहला और दूसरा स्थान कानपुर के छात्रों के नाम रहा जिससे छात्रों में जबरदस्त खुशी की लहर दिखाई दी। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपीएमएसपी) की ओर से यूपी बोर्ड कक्षा 10वीं का परिणाम जारी हो गया है। लड़कों में कानपुर के प्रिंस पटेल ने टॉप किया है। उन्होंने 600 में 586 अंक हासिल किये और वह अनुभव इंटर कॉलेज मुरलीपुर कानपुर के छात्र हैं।

काबुल: गुरुद्वारे पर आतंकी हमला, दो की मौत



काबुल: अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में गुरुद्वारे पर हुए आतंकी हमले में दो लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। कई लोग गुरुद्वारे के भीतर फंसे हुए हैं। कुछ लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिसर के अंदर और बाहर हुए ताबड़तोड़ विस्फोटों के बाद इलाके में दहशत का वातावरण बन गया है। हमले में आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट का हाथ होने की आशंका जताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक काबुल के कार्ते परवान गुरुद्वारा साहिब पर शनिवार सुबह हथियारबंद बंदूकधारियों ने हमला कर दिया। इन लोगों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की, जिसमें साठ वर्षीय सिख श्रद्धालु सविंदर सिंह की मौके पर ही मौत हो गयी। एक अन्य व्यक्ति की भी मौत हो गयी है। फायरिंग में जख्मी दो लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया। फायरिंग के बाद डर के मारे लोग जान बचाने के लिए छिपने लगे तो गुरुद्वारे के भीतर-बाहर चार धमाके कर दहशत फैलाई गयी। धमाकों से गुरुद्वारे में आग लग गयी और कई वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। आतंकी हमले के शिकार गुरुद्वारे के अध्यक्ष गुरनाम सिंह ने बताया कि घटना में कम से कम 25 लोग हताहत हुए हैं। दर्जनों लोग जान बचाने के लिए गुरुद्वारा परिसर के आसपास छिपे हुए हैं। विस्फोटों के कारण गुरुद्वारा से सटी कुछ दुकानों में भी आग लग गयी है।

काबुल में गुरुद्वारे पर हमले की यह पहली घटना नहीं है। पिछले साल अक्टूबर में भी अज्ञात बंदूकधारियों ने गुरुद्वारे पर हमला कर तोड़फोड़ की थी। इस बीच भारतीय विदेश मंत्रालय ने काबुल में पवित्र गुरुद्वारे पर हमले को लेकर चिंता जाहिर की है। साथ ही स्थिति पर बारीकी से निगरानी करने की बात भी कही गयी है। भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा कि भारत पूरे घटनाक्रम को लेकर चिंतित है।

गैंगस्टर के वकील का आरोप- पुलिस रिमांड में दे रही थर्ड डिग्री टॉर्चर, जान को खतरा

मूसेवाला को मरवाने वाला लॉरेंस अब खुद खौफ में

चंडीगढ़: पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड की जिम्मेदारी लेने वाल गैंगस्टर लॉरेंस अब खुद खौफ में है। उसे अपनी जान की चिंता सता रही है। तिहाड़ जेल से पंजाब लाए गए लॉरेंस के वकील ने पंजाब पुलिस पर कई आरोप लगाए हैं। एडवोकेट विशाल चोपड़ा ने कहा कि पंजाब पुलिस ऑन कैमरा इंटेरोगेशन नहीं कर रही। उसके मुवक्किल को किसी से मिलने नहीं दिया जा रहा।

चोपड़ा ने अपने मुवक्किल की सुरक्षा के लिए कोर्ट जाने की बात कही है। चोपड़ा ने आरोप लगाया कि लॉरेंस के रिमांड के दौरान पंजाब पुलिस कई तरह के वॉयलेशन कर रही है। लॉरेंस को थर्ड डिग्री टॉर्चर किया जा रहा है।

उसकी जान को खतरा है। डॉक्टरों की टीम बुलाकर मनमाने ढंग से लॉरेंस का मेडिकल कराया जा रहा है।

14 जून को दिल्ली से लाई थी पंजाब पुलिस: लॉरेंस के वकील विशाल चोपड़ा ने कहा कि पंजाब पुलिस उनके क्लाइंट को 14 जून को पटियाला हाउस कोर्ट से ट्रांजिट रिमांड पर मानसा ले गई थी। पंजाब के एडवोकेट जनरल अपनी टीम के साथ कोर्ट में पेश हुए थे। पंजाब पुलिस के सीनियर अफसर भी साथ थे। उन्होंने भरोसा दिलाया था कि लॉरेंस की सिक्योरिटी में कोई चूक नहीं होगी।

लॉरेंस को वकील के बगैर कोर्ट में पेश किया: चोपड़ा ने कहा कि लॉरेंस को पंजाब से मानसा ले जाने के बाद पुलिस ने सुबह 4 बजे ही मजिस्ट्रेट के घर पेश कर दिया। उस वक्त लॉरेंस के पक्ष से कोई वकील वहां नहीं था। हमारा वहां होना जरूरी था।

सोनिया गांधी ने अग्निपथ को बताया दिशाहीन

नई दिल्ली: दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने सेना में भर्ती की अग्निपथ योजना को दिशाहीन करार दिया है। उनकी ओर से पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने एक बयान जारी किया। इसमें केंद्र सरकार पर आरोप लगाया गया है कि वह युवाओं की आवाज को नजरअंदाज कर रही है। बयान में कहा गया है कि सेना में भर्ती की नई योजना पूरी तरह से दिशाहीन है। सोनिया गांधी ने युवाओं से अहिंसक और शांतिपूर्ण तरीके से विरोध की अपील की। कहा कि इस आंदोलन में कांग्रेस युवाओं के साथ है।

सोनिया गांधी ने कहा, युवाओं का दर्द समझती हूं: युवाओं के नाम जारी बयान में सोनिया गांधी ने कहा है कि आप सेना में भर्ती होकर देशसेवा का महत्वपूर्ण काम करने की अभिलाषा रखते हैं। सेना में लाखों पद खाली होने के बाद भी पिछले तीन साल से भर्ती नहीं होने का दर्द मैं समझ सकती हूं।

खबर संक्षेप

महिला को मारे पीटे और छेडखानी किए मुकदमा दर्ज

मऊआइमा। महिला के कपडे फाड दिए गए और मारा पीटा गया तथा छेडखानी की गई। महिला ने दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम दुबाही निवासनीय एक महिला का आरोप है कि अनायास उसके गांव के दो युवकों ने उसके साथ अश्लील हरकतें की और कपडे फाड दिए । शोर मचाने पर मारे पीटे और भाग गए। महिला ने मऊआइमा थाने में वजहुल पुत्र बसीर और तौसीफ पुत्र मजलूम के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है ।

लापर क्षेत्र में धान की नर्सरी न पड़ने से धान के कटोरे में संकट

लेडियारी। यमुनापार के लापर कोरांव क्षेत्र में नहर में पानी न छोड़े जाने से किसानो की नर्सरी नही तड़पाई है जिसके कारण धान के कटोरे में संकट का बादल छाया कोरांव के लापर क्षेत्र में सोनम,गंगा काबेरी,काला नमक,सोना चूर, बिष्णु भोग,अच्छी विराइटी धान की फसल होती है। कोरांव तहसील के डीही खुर्द न्याय पंचायत,पवांरी न्याय पंचायत,खीरी न्याय पंचायत में अभी तक किसान अस्सी फिसदी कभी तक धान की नर्सरी नही पड़ पाई है।बेलन मुख्य नहर पानी न छोड़े जाने के कारण खेतों माइनरों तथा तालाबों में धूल उड़ रही है और जून माह बितने को है अभी तक पचासौ गांवो के किसान धान की नर्सरी नही डाल पाए जिससे धान की खेती पिछड़ रही है किसान काफी चिंतित हैं।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में संगम नोज का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

सभी सम्बंधित विभागीय अधिकारी दिए गये दायित्वों का जिम्मेदारी के साथ करें निर्वहन

संगम क्षेत्र का निरीक्षण करते जिलाधिकारी व अन्य

प्रयागराज। जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने 21 जून, 2022 को आयोजित होने वाले आठवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के सम्बंध में संगम नोज का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने सभी विभागों को सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन करने करने के लिए कहा है। उन्होंने जिला पंचायतराज अधिकारी और नगर निगम को संगम नोज के क्षेत्रों की साफ-सफाई कराये जाने के निर्देश दिये है तथा मुख्य चिकित्साधिकारी को चिकित्सकों की टीम सहित एम्बुलेंस आदि की व्यवस्था कराये जाने के निर्देश दिये है। योग दिवस के कार्यक्रम को 12 ब्लाकों में बांटा गया है तथा लगभग 500 योगा शिक्षकों के द्वारा योग दिवस का आयोजन सम्पन्न कराया जायेगा। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर पीने के पानी, मोबाइल टॉयलेट, सैण्ड आर्ट्स और पुलिस बैण्डों, गोताखोर, नेटवर्क की समुचित व्यवस्था कराये जाने के निर्देश दिये है। उन्होंने एस0पी0 टैजफिक को पार्किंग की समुचित व्यवस्था के लिए निर्देशित किया है। कहा कि यह सुनिश्चित किया जाये कि आवागमन में किसी भी प्रकार की समस्या न हो। आने जाने वाले मार्गों पर फ्लैग आदि की व्यवस्था कराये जाने के निर्देश दिये है। उन्होंने 21 जून को आयोजित किये जाने वाले योगाभ्यास कार्यक्रम के सकुशल सम्पादन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थायें समय से सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये है। कार्यक्रम के सकुशल क्रियान्वयन के लिए विभिन्न अधिकारियों के दायित्वों को निर्धारित किया गया है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि, अपर नगर आयुक्त रत्नप्रिया, मुख्य चिकित्साधिकारी नानक सरन, आयुर्वेद अधिकारी डॉ0 शारदा प्रसाद सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

ट्रक ने वैन में मारी टक्कर, चार शिक्षिकाएं हुईं घायल

प्रयागराज। हंडिया के उतरांव इलाके के मोहिउद्दीनपुर गांव के पास हाईवे ओवरस्पीड ट्रक ने पीछे से मारुति वैन में टक्कर मार दी। हादसे में 4 शिक्षिकाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं और 15 मिनट तक वैन में ही फंसी रहीं। ग्रामीणों ने उन्हें बाहर निकाल कर अस्पताल पहुंचाया स्कूल खुलने के बाद शुक्रवार को 4 शिक्षिकाएं पढ़ाने के लिए उतरांव थाना क्षेत्र के पयागीपुर प्राथमिक विद्यालय में जा रहीं थीं। वैन मोहिउद्दीनपुर हाईवे पर ढाबे के पास पहुंची थी कि पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक ट्रक समेत फरार हो गया, जबकि वैन पलट गई। शिक्षिकाएं अंदर ही फंसी रही, शोर सुनकर ग्रामीण मौके की ओर दौड़ पड़े। लगभग 15 मिनट की मशक्कत के बाद घायल सभी शिक्षिकाओं को बाहर निकाला जा सका। हादसे में कल्पना यादव, शालिनी दुबे, बबिता यादव और राजलक्ष्मी घायल हो गईं। वहीं चालक बाल-बाल बच गया।

ब्लॉक के शिक्षकों ने अस्पताल पहुंचकर जाना हाल : ग्रामीणों की मदद से घायल शिक्षिकाओं को पास के हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। उनकी हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है। वहीं वैन पलटने और शिक्षिकाओं के घायल होने की सूचना पर सैदाबाद ब्लॉक के कई शिक्षकों को हुई तो वे अस्पताल में घायलों का हाल जानने के लिए पहुंच गए।

ग्रामीण मदद के लिए न पहुंचते तो जा सकती थी जान : हादसे का शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण तत्काल मदद के लिए पहुंच गए। समय पर मदद न मिलती तो कुछ की जान भी जा सकती थी। हाईवे पर ओवरस्पीड के कारण पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। ओवरलोड वाहन भी हादसे का प्रमुख कारण बनते हैं।

बाइक सवार दो सगे भाइयों ने खड़ी ट्रक से भिड़े एक की मौत एक गंभीर रूप से घायल

अखंड भारत संदेश

सहसों। थरवई थाना क्षेत्र भोपतपुर हाईवे के पास फ्लाईओवर के नीचे खड़ी ट्रक में प्रयागराज की तरफ से आ रहे बाइक सवार दो सगे भाई भिड़ गए जिसमें एक की मौत हो गई तथा एक गंभीर रूप से घायल हो गया मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने तत्काल घायलों को सीएससी बनी पहुंचाया । मौके पर सहसों पुलिस एवं थरवई पुलिस पहुंच कर जांच पड़ताल की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थरवई थाना क्षेत्र के अंतर्गत भोपतपुर हाईवे के फ्लाईओवर के नीचे प्रयागराज की तरफ से जा रहे बाइक सवार विशाल प्रजापति व उसका भाई निवासी जनपद जौनपुर के मुंगरा बादशाहपुर के गौरैया डीह गांव ने जैसे ही भोपतपुर हाईवे फ्लाईओवर के नीचे पहुंचे पहले से ही खड़ी ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मारी जिसमें दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने तत्काल सरकारी एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बनी ऐट कोटवा पहुंचाए जहां पर चिकित्सकों ने राम प्रजापति को मृत घोषित कर दिया तथा गंभीर रूप से घायल भाई विशाल प्रजापति को प्राथमिक उपचार के बाद प्रयागराज रेफर कर दिया। गंभीर रूप से घायल विशाल द्वारा बताए गए मोबाइल नम्बर से लोगो ने दुर्घटना की सूचना परिजनों को दिया। भाई सवारों के पास शैक्षिक प्रमाण पत्र होने से यह कयास लगाया जा रहा है कि किसी रोजगार हेतु प्रयागराज गए हुए थे। वापस घर लौटते समय यह दर्दनाक घटना घट गई।

तहसील दिवस में ग्राम पंचायत अधिकारी पचेड़ा खेमराज द्वारा गबन की शिकायत

कोरांव। विकास खण्ड माण्डा की ग्राम पंचायत पचेड़ा में पदस्थ ग्राम पंचायत विकास अधिकारी खेमराज द्वारा 206000/ रुपए के गबन की शिकायत स्वयं प्रधान पचेड़ा ने कोरांव तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में की है। आरोपित है अभिलेखों में फर्जी प्रविष्टि कर खेमराज ने दिनांक 26/4/2022 को पंचायत निधि पचेड़ा के खाते से दो बार में ? 175000/ तथा ? 31000/ स्थानांतरित कर ली है इस धनराशि के गबन का आरोप लगाते हुए प्रधान पचेड़ा का कहना है कि मुझ द्वारा ऐसे किसी भी भुगतान की अनुमति लिखित अथवा मौखिक किसी भी रूप में नहीं दी गई है। शिकायत में प्रधान ने लिखा है कि भुगतान हेतु प्राप्त डोंगल से भुगतान की प्रक्रिया का प्रशिक्षण प्राप्त न होने के कारण डोंगल खेमराज जी अपने पास रखते हैं तथा स्वयं वही सम्पूर्ण भुगतान की प्रक्रिया करते अथवा कराते हैं वहीं खण्ड विकास अधिकारी मुकेश कुमार का कहना है की प्रकरण मेरे संज्ञान में है जल्द ही जांच कर कार्यवाही की जायेगी। अब देखना यह है की स्वयं ग्राम प्रधान के इस लिखित गम्भीर आरोप पर सम्बन्धित विभागीय अधिकारी का ऐक्शन क्या होता है।

राजस्व का घाटा कर रहे बालू और गिट्टी व्यवसाई,नहीं देते सरकार को बिक्री कर

अखंड भारत संदेश

सोरांव। जहां एक तरफ सरकार हर विभागों पर पैनी नजर बनाए हुए है। कि कोई भी गोरखधंधा न होने पाए। लेकिन वहीं पर सोरांव थाना क्षेत्र के कई स्थानों पर गिट्टी और बालू के व्यवसायी का गोरखधंधा चरम सीमा पर फल-फूल रहा है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र की सबसे बड़ी अवैध गिट्टी बालू की मंडी सोरांव के शिवगढ़ चौराहे पर लगती है। जिसमे भावापुर हाईवे के पुल से उसरही गांव तक लगभग 2 किलो मीटर गाड़ियों की लंबी कतार सुबह 5 बजे से लगी रहती है। जिसमे ट्रक मालिकों ने अपने लोड गाड़ियों को सड़क पर खड़ी कर देते है। जिससे आए दिन घटनाए होती रहती है। इतना ही नहीं क्षेत्र में बालू और गिट्टी के फुटकर दुकानदारों की भी भरमार है। जिसमे दुकानदार लाखों रुपए की गिट्टी बालू को अपने दुकान पर डंप करके फुटकर बिक्री करते है। तथा सबसे हैरान करने वाली बात तो यह है कि भोले भाले ग्राहकों को दुकानदार सौ फिट के नाम पर केवल 60 से 70 फिट ही माल देते है। और 100 फिट का पैसा लेते है। जिसको लेकर आए दिन दुकानदारों और ग्राहकों के बीच कहा सुनी और मारपीट होना आम बात हो गई है। हर दुकानदार अपने ट्रैक्टर की टाली को काटकर छोटी करवा दिए है। जिसको लेकर कई बार ग्राहकों ने उपजिलाअधिकारी सोरांव को शिकायती पत्र भी दिए है। लेकिन इन दुकानदारों पर कोई कार्यवाही नहीं होती है। इतना ही नहीं किसी भी दुकानदार के पास सेल्टेक्स विभाग से कोई भी परमीशन नहीं है। और न ही सरकार को उक्त व्यवसाई टैक्स ही देते है। जिससे सरकार को हर वर्ष करोड़ों रुपए का घाटा लग रहा है। क्षेत्रीय लोगों की मांग है कि बालू और गिट्टी व्यवसाई के खिलाफ घटतौली करने और सरकार को टैक्स न देने पर विभाग कार्यवाही करे। जिससे ग्राहकों के साथ हो रहा आर्थिक शोषण पर अंकुश लग सके।

न्यूज झरोखा

रॉन्ग साइड से आ रही डायल हंड्रेड ने बाइक सवार पत्रकार को मारी जोरदार टक्कर

बाजार वासियों ने बताया कि शराब के नशे में रहे डायल हंड्रेड कर्मी

सिरसा। प्रयागराज मेजा थाना क्षेत्र के मेजारोड बाजार के पटेल नगर चौराहे पर उस वक्त हड़कंप मच गया जब रॉन्ग साइड से जा रही तेज रफ्तार अनियंत्रित डायल हंड्रेड गाड़ी ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दिया। गनीमत रही की बाइक सवार युवक बाल-बाल बच गया। बता दें कि मेजा थाना क्षेत्र के पंडित का पूरा गांव निवासी आशीष शुक्ला पेशे से एक दैनिक अखबार के पत्रकार हैं। शनिवार सुबह आशीष शुक्ला घर से अपने ऑफिस मेजा रोड जा रहे थे जैसे ही वह बाजार के पटेल नगर चौराहे पर पहुंचे ही थे कि मिजार्पुर की तरफ से रॉन्ग साइड से आ रहे डायल हंड्रेड (0106) ने बाइक सवार को टक्कर मार दिया। टक्कर मारने के बाद भागने की फिराक में रहे डायल हंड्रेड को बाजार वासियों ने घेराबंदी कर रोक लिया। रोकने पर वर्दी की रौब दिखाते हुए बाइक सवार पर खुद ही उल्टे बिफर पडा और कानून का पाठ पढ़ाते हुए धमकाने लगा। डायल हंड्रेड पर तैनात रहे दरोगा अरूण कुमार राय ने कहा कि मेरी पहुंच ऊपर तक है मेरा कुछ कोई बिगाड़ नहीं सकता धमकाने लगा। डायल हंड्रेड की इस कार्यशैली को देखकर बाजार वासियों में आक्रोश व्याप्त है। वही पीड़ित पत्रकार ने मामले की शिकायत जिले के कप्तान से करने की बात कही। देखा जाए तो डायल हंड्रेड आए दिन बाजार में इस तरीके की घटना करते देखे जा सकते हैं। क्या कानून इनके लिए नहीं है यह रॉन्ग साइड से चलें क्या कानून आम जनता के लिए बना हुआ है, पुलिस की इन्हीं सब बातों को लेकर बाजार में घंटों अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। वही मामले की जानकारी पर पत्रकारों में पुलिस के प्रति खासा आक्रोश व्याप्त है।

सेवानिवृत्त दरोगा की हार्ट अटैक से हुई मौत

मेजा रोड। क्षेत्र के लक्षन चौकठा गांव निवासी लालमणि वर्मा (76) पुत्र स्व. देवी प्रसाद वर्मा सेवानिवृत्त दरोगा थे। वह बीती शुक्रवार की रात 9 बजे भोजन करने के बाद चारपाई पर सोने गए। इसी दरम्यान उनकी हार्ट अटैक से मौत हो गई।स्वजनों द्वारा अस्पताल में दाखिल कराया गया। लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इससे स्वजनों में कोहराम मच गया है। मृतक की पत्नी स्व.सुषमा वर्मा की चार वर्ष पूर्व बीमारी के कारण मौत हो चुकी है। मृतक के दो लड़के सुनील एवम अनिल वर्मा सहित स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। मृतक के लड़के अनिल ने बताया कि कौशाम्बी के सैनिक थाने से पिता सेवानिवृत्त हुए थे। इसके पूर्व वह कानपुर जोन के घाटमपुर,नौबस्ता, सजेति, मुसांगर में थाना प्रभारी रह चुके थे। उन्होंने बताया कि कानपुर में हुई मुठभेड़ को लेकर डीजीपी एवम केबिनेट मंत्री द्वारा सम्मानित किये गए थे।

शिक्षा विकास का सबसे बड़ा माध्यम : अम्बुज सिंह

जसरा। व्यक्ति मे कुछ नेक एवम बड़ा करने का जज्बा हों तो उसे संसार के किसी भी क्षेत्र मे उच्च शिखर पर पहुंचने से कोई चुनौती नहीं रोक सकती हैं। किसी भी व्यक्ति के जीवन मे संघर्ष एवम प्रतिभा दो ऐसे महान अस्त्र हैं जिनके बल पर बड़ी से बड़ी मुकाम को हासिल किया जा सकता हैं। उक्त बातें इलाहाबाद विश्वविद्यालय के संघटक कालेज जगत तारन डिग्री कालेज मे संस्कृत के शोधार्थी अम्बुज सिंह पर चरितार्थ होता हैं।घूरपुर के मनकवार गाँव मे गुरुवार को शोध छात्र अम्बुज सिंह को संस्कृत विषय से राजकीय इंटर कालेज मे प्रवक्ता पद पर चयन होने के पश्चात सम्मानित किया गया।अम्बुज सिंह मूल रूप से कोरांव तहसील के पचवंह, खजुरी गाँव के निवासी हैं।इस अवसर पर अम्बुज सिंह ने युवाओं से कहा कि शिक्षा दुनिया के सबसे महान अस्त्रों मे एक हैं जिसके बल पर समाज, प्रदेश एवम राष्ट्र को गौरवान्वित किया जा सकता हैं।इस अवसर पर उन्होंने युवाओं से नशा, सामजिक कुप्रथाओं से दूर रहकर राष्ट्र के उज्जवल निर्माण मे सहयोग की अपील किये। उक्त अवसर पर अभिषेक पटेल, अंकिता सिंह, विजय सिंह, अनुज, अमित, अनिल कुमार पटेल आदि लोगों के द्वारा शोध छात्र अम्बुज सिंह को माल्यार्पण करके सम्मानित किया गया।

वियर और अंग्रेजी शराब की दूकान से लाखों की शराब चोरी

करछना। थाने के महज 500 गज की दूरी पर स्थित साधू कुटी चौराहा के नियर जारी मार्ग पर अंग्रेजी शराब एवं बियर की दुकान में बीती रात अज्ञात चोरों ने सटर तोड़ कर लगभग तीन लाख रुपये की अंग्रेजी शराब व बियर की बोतल मैजिक में चोर लाद कर उठा ले गए सुबह जानकारी होने पर दुकानदार ने संबंधित थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई मौके पर पहुंची पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के जरिए अज्ञात चोरों तक पहुंचने के फिराक में लगी है बताया जाता है कि अंग्रेजी शराब की दुकान पर भी सीसीटीवी कैमरा लगाया गया था जो रात को पूरा सिस्टम शराब चोरी के दौरान सब चोर उठा ले गए थाने के महज 500 गज की दूरी पर चोरी की वारदात से पुलिस गश्ती पर सवालिया निशान खड़े हो गए हैं।

युवाओं में कैरियर के प्रति अनिश्चितता दिखाई दे रही है : नेहा सिंह

अखंड भारत संदेश

करछना। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी संजय सिंह के नेतृत्व में प्रदेश कार्यकारिणी का पुनः गठन किया गया ।प्रयागराज जिला अध्यक्ष डॉ अल्ताफ अहमद को बनाया गया । निर्वतमान जिला उपाध्यक्ष नेहा सिंह ने कहा की अग्निपथ योजना में युवाओं की नाराजगी को देखते हुए आम आदमी पार्टी दिल्ली सहित पूरे देश में पुरजोर विरोध प्रदर्शन कर रही है। युवाओं में अपने कैरियर के प्रति अनिश्चितता दिख रही है इसलिए पूरे देश में विभिन्न पार्टियां इसका विरोध कर रही हैं। इसी क्रम में युवाओं का कैरियर अनिश्चितता से भरा हुआ है । अगर चारों तरफ देश में इसका विरोध हो रहा है तो इसमें जरूर कोई खामियां होगी । करछना में निर्वतमान जिला उपाध्यक्ष नेहा सिंह के नेतृत्व में करछना कार्यालय में आम आदमी पार्टी ने विरोध प्रदर्शन किया। सरकार को इस योजना की समीक्षा करके उसे वापस लिया जाये। देश में इतना विरोध हो रहा है तो जरूर कोई बहुत खामिया हैं जो सरकार को दूर करना चाहिए या इसको समाप्त करे । इस मौके पर शेर बहादुर, हबीब अहमद, सानिया, सुनीता, गायत्री, स्नेहा, सतेंद्र भारतीय, मौजी लाल आदि उपस्थित रहे।

अग्निपथ योजना : सुरक्षा की दृष्टि से नैनी रेलवे स्टेशन पर पुलिस की कड़ी निगरानी

नैनी। सेना में अग्निपथ योजना के तहत भर्ती का विरोध बढ़ता ही जा रहा है। सबसे ज्यादा नुकसान ट्रेनों और रेलवे स्टेशनों पर किया गया है। ऐसे में सुरक्षा इंतजामों को लेकर उत्तर मध्य रेलवे के अफसर काफी सतर्क हैं। इसी के चलते नैनी रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार देर रात से सुरक्षा बढ़ाने के साथ ही अब आउटरों पर जीआरपी और आरपीएफ जवानों की तैनाती की गई है। आपको बता दें कि नैनी स्टेशन परिसर के अंदर चप्पे-चप्पे पर पुलिस की निगरानी है। पीएसी के जवान भी नैनी स्टेशन परिसर में मौजूद है ताकि कोई भी उपद्रवी किसी तरह का नुकसान ना कर सके। एसडीएम करछना सीओ करछना नैनी कोतवाल समेत भारी फोर्स मौजूद रहे।

फोटो, एसडीएम करछना अमृता सिंह व पुलिस बल के जवान

योग मानव जीवन में अमूल्य वरदान है अवश्य नियमित करें : विवेक मिश्रा

करछना। विकास खंड करछना के ग्राम पंचायत पचदेवरा प्राथमिक विद्यालय में ।निवार को आयोजित योगाभ्यास के दौरान विकास खंड करछना के ग्राम पंचायत विकास अधिकारी विवेक कुमार मिश्रा ने बताया कि मानव जीवन में योगाभ्यास से शरीर को तनाव मुक्त और स्वस्थ्य रखने के लिए जरूरी है, इसे प्रत्येक व्यक्ति को नियमित रूप से करना चाहिए, इस मौके पर ग्राम पंचायत पचदेवरा ग्राम प्रधान गुलाम रसूल, रोजगार सेवक बालमुकुंद शर्मा, पंचायत सहायक शशि शुक्ला , प्रधानाध्यापक एवं उपस्थित विद्यालय के सहाय अध्यापक गांव के संभ्रांत व्यक्ति एवं प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के साथ योगाभ्यास किया गया।

चोरों ने कई स्थानों पर की लाखों की चोरी

अखंड भारत संदेश

मऊआइमा। ट्रक लूट का पदार्फाश अभी तक नहीं हुआ था कि चोरों ने एक स्थान पर मैजिक डाला, तथा दूसरे स्थान पर घर से जेवरात चोरी कर ले गए। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम पिलखुआं मौलवी का पूरा निवासी रामजनक पुत्र राम सजीवन सरपताही चौराहे पर जनसेवा केंद्र चलाते हैं। चोरों ने शटर तोड कर सीसीटीवी कैमरा तोड कर बैट्री ,इन्वाटर तीन लैपटॉप, पांच हजार नगदी आदि चोरी कर लिए। तथा बगल के विजय कुमार पटेल की किराना की दुकान में सात हजार नगदी तथा अन्य सामान चोरी कर ले गए । बगल के जंगबहादुर की सिलाई की दुकान से पांच हजार रुपये और कपडे आदि चोरी कर ले गए। और बगल के मेडिकल स्टोर की दुकान का ताला तोड़कर कर चालिस हजार रुपये नगदी की चोरी कर लिए। ग्राम सिंसईसिपाह निवासी सूर्यप्रकाश सिंह पुत्र रामबहादुर के घर के सामने खडी उनकी मैजिक डाला चोर चोरी कर ले गए । उधर ग्राम गढचम्पा निवासी नवीन कुमार यादव पुत्र रामयस का परिवार घर में ताला बंद कर निमंत्रण में गया था । जब वापस आया तो देखा कि कमरा का ताला टूटा था ।अलमारी और सन्दूक में से सोना चांदी के जेवरात चोरी हो गए थे। नवीन कुमार ने गांव के आशा ,अभिषेक, अंकित के खिलाफ चोरी का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करा दिया है।

अर्पिता यादव को मिला 93% मार्क्स ,परिवार में खुशी

अखंड भारत संदेश

नैनी। शनिवार को नैनी क्षेत्र स्थित आदर्श शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज उत्तरी लोकपुर नैनी की छात्रा अर्पिता यादव ने 93 परसेंट मार्क्स लाकर अपने और परिवार का ही नहीं बल्कि पूरे कॉलेज का नाम रोशन किया है। अर्पिता का कहना है कि हमारे माता-पिता ने मेरा बड़ा ही सहयोग किया है।उनके सपोर्ट और हमारी लगन से या परिणाम हासिल हुआ है। वही हमारे गुरुजनों का विशेष योगदान रहा जिन्होंने हमें उच्च शिक्षा प्रदान की है। मैं सभी का धन्यवाद करती हूं। साथ ही अर्पिता यादव ने बताया कि मैं आगे और पूरी लगन के साथ पढ़ाई करूंगी और आने वाले एग्जाम में भी कोशिश है कि कि मैं टॉप करूं।

मेधावियों को उज्वल भविष्य की कामना के साथ दी गई बधाई

झूंसी। यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इंटर के नतीजे शनिवार को घोषित हुए तो मेधावियों के चेहरे चहक उठे। स्कूलों में सफल छात्र छात्राओं को उज्वल भविष्य की कामना के साथ शिक्षकों ने मिठाई खिलाकर बधाई दी। अंदावा स्थित न्यू टाउन हॉल पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज की हाईस्कूल की छात्रा प्रिया यादव 91, दक्षा भारतीया 87, शिप्रा श्रीवास्तव 87, नर्गिश बनो 86, शाक्षी केशरवानी 86, अनुभव सिंह 85 वही इंटर की सिध्दि सिंह 83, अर्पित सिंह 80, लोकेश पटेल 80, मो. कैफ अंसारी 79 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय के साथ अपने माता पिता का मान बढ़ाया। विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने सभी मेधवियो को मिठाई खिला कर बधाई दी।

यूपी बोर्ड 10वी और 12वी कक्षाओं की परिणाम घोषित

सिरसा। प्रयागराज उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने यूपी बोर्ड की 10वी, 12वी कक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। श्री के0 एस0 चौधरी गर्ल्स कान्वेंट एण्ड इंटर कॉलेज सिरसा प्रयागराज में छात्राओं ने अच्छा अपना प्रदर्शन किया और साथ ही साथ सम्मान जनक अंको के साथ पास हुए। जिसमे हाईस्कूल में 515 आस्था पांडेय, 514 अमृत यादव, 503 तुषा जहाँ, 498 अंतरा यादव, 492 जिज्ञासा यादव सम्मान जनक नम्बर के साथ पास हुई। इसी क्रम में इंटरमीडिएट में 410 रिशु प्रजापति, 408 अंकिता यादव ,400 पूजा यादव, 392 वर्तिका सेठ, 380 खुशबू वर्मा ने सम्मान जनक नम्बर पाकर विद्यालय का नाम रोशन किया। श्री के0 एस0 चौधरी गर्ल्स कान्वेंट एण्ड इंटर कॉलेज सिरसा प्रयागराज के प्रेसपल पूजा श्रीवास्तव, टीचर्स राजकुमार गुप्ता, दिनेश कुमार पटेल, ओम प्रकाश गुप्ता, देवेश गुप्ता ने सभी छात्राओं को बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं दिए। कालेज के सभी छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए विद्यालय का रिजल्ट हंड्रेड परसेंट रहा।

खबर संक्षेप

नाले पर निर्माण कार्य होने से बरसात में होगी जल निकासी की समस्या

लेडियारी। कोरांव तहसील अंतर्गत लेडियारी बाजार में बहुत पुराना जल निकासी नाले में मकान का निर्माण करने से बरसात के समय में शिव जियावन इंटर कॉलेज एवं लेडियारी बाजार डूब सकता है इस नाले से नीबी डीही खुर्द एवं इसी ग्राम पंचायत लेडियारी के दो तालाबों का बरसात में पानी बहता है। कागज के भूलेख में यह नाला 12 फीट गजट लेकिन इसी गांव के राममणि कुशवाहा के द्वारा मकान निर्माण किया जा रहा है मौके पर खाली दो फीट छोड़ा जा रहा है। बरसात के समय में तीन गांवो का पानी एवं दो तालाबों का मिलान करने वाला नाला यदि बंद कर दिया जाता है तो इंटर कॉलेज के अलावा नारीबारी कोरांव मार्ग पर बहनें लगेगा।लेडियारी बाजार का ओंकार सिंह का कहना है यदि प्रशासन निर्माण को नहीं रोकता है तो पूरे बाजार में बरसात के समय जल मग्न हो जाएगा प्रशासन का इस ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए नाले में निर्मित मकान को रोकने को लेकर क्षेत्रीय लोगों ने मांग किया है।

मंत्री नंदी ने की जन समस्याओं, विकास एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक

अखंड भारत संदेश

भूमाफियाओं एवं खनन माफियाओं को चिन्हित कर उनके विरूद्ध करें प्रभावी कार्रवाई, निर्माण कार्यों का थर्ड पार्टी से सत्यापन कराये जाने के दिए निर्देश

अभियान चलाकर सभी पात्र व्यक्तियों का बनाये आयुष्मान कार्ड

अधिकारियों के साथ बैठक करते मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी

प्रयागराज। मंत्री, औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एन0आर0आई0 तथा निवेश प्रोत्साहन विभाग श्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी जी की अध्यक्षता में शनिवार को सर्किट हाउस के सभागार में जन समस्याओं, विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मंत्री जी ने उपस्थित अधिकारियों को जन समस्याओं तथा शिकायतों को शीर्ष प्राथमिकता पर निस्तारित किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से हो। उन्होंने कहा कि शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण से आमजन को एक ही समस्या के लिए बार-बार नहीं दौड़ना पड़ेगा।कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए मंत्री जी ने कहा कि अपराधों से सम्बंधित जो भी विवेचनाएं लम्बित है, उनको तत्काल पूर्ण करते हुए दोषियों के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई की जाए। मंत्री जी ने जुआं, सट्टा एवं स्मैकियों के विरूद्ध अभियान चलाकर प्रभावी कार्रवाई किए जाने का निर्देश पुलिस विभाग को दिया है। उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारी निरंतर भ्रमणशील रहकर कानून व्यवस्था को चुस्त-दूरूस्त बनाये रखे। उन्होंने अभ्यासिक अपराधियों के विरूद्ध गुण्डा एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई किए जाने के लिए कहा । मंत्री जी ने भूमाफियाओं एवं खनन माफियाओं को चिन्हित कर उनके विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई किए जाने के लिए कहा है। उन्होंने सभी अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों के पत्रों पर प्रभावी कार्रवाई किए जाने एवं कृत कार्रवाई से सम्बंधित जनप्रतिनिधि को अनिवार्य रूप से अवगत कराने का भी निर्देश दिया है।विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए मंत्री जी ने नहरों में रोस्टर के अनुसार टेल तक पानी पहुंचाये जाने का निर्देश अधिशाषी अभियंता नहर प्रखण्ड को दिया। विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए मंत्री जी ने कहा कि लोगो के द्वारा गलत बिल के सम्बंध में शिकायत की जाती है। उन्होंने गलत बिल जनरेट पाए जाने पर सम्बंधित अवर अभियंता एवं एसडीओ के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने के लिए कहा है। सदियापुर में विद्युत आपूर्ति बाधित पाए जाने पर विद्युत विभाग को वहां पर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है। निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए मंत्री जी ने कार्यदायी संस्थाओं को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ निर्माण कार्यों को पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने निर्माण कार्यों को थर्ड पार्टी से सत्यापन कराये जाने का निर्देश दिया है। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए मंत्री जी ने चिकित्सकों की उपस्थिति, दवाओं की उपलब्धता, आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डन कार्ड, वेल्नेस सेंटर, एम्बुलेंस की उपलब्धता सहित अन्य विषयों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अभियान चलाकर सभी पात्र व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड बनाये जाने का निर्देश दिया है साथ ही साथ उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि कम से कम प्रत्येक पात्र परिवार में एक आयुष्मान कार्ड अवश्य बनाया जाना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने आयुष्मान कार्ड लाभार्थियों के सापेक्ष उपचारित लाभार्थियों की संख्या कम पाये जाने पर कहा कि इनपैनल्ड अस्पतालों की रैण्डम चेकिंग की जाए कि आयुष्मान कार्ड धारकों की भर्ती अस्पताल में ली जाती है या नहीं। आयुष्मान कार्ड धारकों की भर्ती न लिए जाने पर ऐसे अस्पतालों के विरूद्ध कार्रवाई की जाए। सामुदायिक शौचालयों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि जिन सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कार्य अभी पूर्ण नहीं हुआ है, उनको तत्काल पूर्ण करा लिया जाए साथ ही साथ क्रियाशील सामुदायिक शौचालयों के संचालन की स्थिति के बारे में भी रैण्डम चेकिंग की जाए। हैण्डपम्पों के रिबोर एवं मरम्मत की समीक्षा करते हुए मंत्री जी ने इसकी भी रैण्डम चेकिंग कराये जाने का निर्देश दिया है। मंत्री जी ने अमृत योजना के तहत पेयजल, सीवर लाइन एवं पार्कों के निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए आवासों के निर्माण कार्य को शीघ्रता से पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा की समीक्षा करते हुए मंत्री जी ने आधार सीडिंग के कार्य को शत-प्रतिशत पूर्ण कराये जाने एवं रिक्त सरकारी दुकानों के आवंटन का कार्य दो माह के अंदर अनिवार्य रूप से पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया है। वृद्धा, विधवा, दिव्यांग पेंशन योजनाओं की समीक्षा करते हुए मंत्री जी ने कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न होने पाये। वन विभाग की समीक्षा करते हुए मंत्री जी ने पौधरोपण हेतु गड्ढ़ा खोदे जाने का कार्य निर्धारित समय में पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया है। आपरेशन कायाकल्प योजना के तहत विद्यालयों में जो कार्य कराया जाना शेष रह गया है, उनकों शीघ्रता से पूर्ण कराये जाने एवं बच्चों के नामांकन की संख्या बढ़ाये जाने का निर्देश दिया है। मंत्री जी ने शिक्षा की गुणवत्ता एवं मिड-डे मील की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिए जाने एवं शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थित सुनिश्चित कराये जाने हेतु कहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत बैंको में लम्बित आवेदन पत्रों को शीघ्रता से निस्तारण कराते हुए ऋण वितरण की कार्रवाई पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया है। मंत्री जी ने बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिया है। बैठक में मंत्री जी ने सभी अधिकारियों को पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं लगन के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किए जाने के लिए कहा है। बैठक के अंत में मण्डलायुक्त संजय गोयल एवं जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने मंत्री जी को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा जो भी निर्देश दिए गए है, उनका पूर्ण रूप से क्रियान्वयन सुनिश्चित कराया जायेगा। बैठक में विधायक शहर उत्तरी हर्षवर्धन वाजपेयी, एडीजी जोन श्री प्रेम प्रकाश, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अरविंद चैहान, नगर आयुक्त, मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

हाईस्कूल टॉप टेन में 70 फीसदी बेटियां, यूपी बोर्ड ने घोषित किया परिणाम, 88 फीसदी परीक्षार्थी पास

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल की परीक्षा में इस बार टॉप टेन में जगह बनाने वालों में 70 फीसदी बेटियां हैं। वहीं, शीर्ष तीन स्थानों पर कब्जा जमाने वाले चार परीक्षार्थियों में भी दो बेटियां शामिल हैं। कानपुर के प्रिंस पटेल ने 97.67 फीसदी अंकों के साथ टॉप किया है। मुरादाबाद की संस्कृति ठाकुर और कानपुर नगर की किरन कुशवाहा 97.50 फीसदी अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहीं। कन्नौज के अनिकेत शर्मा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। हाईस्कूल का रिजल्ट 88.18 फीसदी फीसदी रहा।माध्यमिक शिक्षा परिषद की निदेशक डॉ. सरिता तिवारी के अनुसार इस बार बेटियों का परिणाम छात्रों के मुकाबले 6.44 फीसदी अधिक रहा। टॉप टेन की मेरिट में कुल 27 परीक्षार्थियों ने जगह बनाई है, जिनमें 19 छात्राएं और आठ छात्र शामिल हैं। 24 मार्च से 12 अप्रैल तक प्रदेश के 8373 केंद्रों में हुई हाईस्कूल की परीक्षा के लिए 27,81,645 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 25,20,634 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए 22,22,745 परीक्षार्थी सफल घोषित किए गए। परीक्षा में बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 85.25 और बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 91.69 फीसदी रहा।

67 दिन में परिणाम जारी : यूपी बोर्ड ने हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 67 दिन में जारी कर दिया। 12 अप्रैल को परीक्षा समाप्त होने के बाद 23 अप्रैल से मूल्यांकन कार्य शुरू करा दिया गया और सात मई को प्रदेश के विभिन्न जनपदों में 148 केंद्रों में कॉपियों का मूल्यांकन कार्य पूरा कर लिया गया।

12 वर्षों में हुई 11 परीक्षाओं का सर्वश्रेष्ठ परिणाम : वर्ष 2011 से अब यूपी बोर्ड की ओर से 12 बार हाईस्कूल का रिजल्ट घोषित किया जा चुका है। वर्ष 2021 में कोविड के कारण बिना परीक्षा कराए परीक्षार्थियों को उत्तीर्ण घोषित कर दिया गया था और 99.53 फीसदी परिणाम आया था। वहीं, 2011 से अब हाईस्कूल की 11 परीक्षाएं आयोजित की जा चुकी हैं और इनमें से वर्ष 2022 का परिणाम सर्वश्रेष्ठ है। वर्ष 2011 में हाईस्कूल का रिजल्ट 70.82 फीसदी, 2012 में 83.75 फीसदी, 2013 में 86.63 फीसदी, 2014 में 86.71 फीसदी, 2015 में 83.74 फीसदी, 2016 में 87.66 फीसदी, 2017 में 81.18, 2018 में 75.16, 2019 में 80.07, 2020 में 83.31 और वर्ष 2022 में 88.18 फीसदी रिजल्ट रहा।

प्रयागराज की आस्था सिंह ने हाईस्कूल में चौथा स्थान किया हासिल

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद यूपी बोर्ड का हाईस्कूल का रिजल्ट शनिवार को जारी कर दिया गया। प्रदेश के टॉपटेन में प्रयागराज के दो टॉपर शामिल हैं। नैनी की रहने वाली आस्था सिंह ने चौथा स्थान प्राप्त किया है। कौशाम्बी की मूल निवासी सिंह का पूरा परिवार नैनी में रहता है। पिता केशव सिंह बीपी सिंह बालिका विद्यालय में ही टीचर हैं। बड़ी बहन अमिता सिंह बीएससी फाइनल की छात्रा हैं।

प्रयागराज की बेटी आस्था तिवारी ने प्रदेश में हासिल किया 10वां स्थान

कोरांव के अंबेडकर नगर निवासी कौशलेश चंद्र तिवारी की छोटी बेटी आस्था तिवारी ने उत्तर प्रदेश बोर्ड की हाईस्कूल की परीक्षा में प्रदेश भर में 10वां स्थान लाकर कोरांव का नाम रोशन किया है। आस्था तिवारी कोरांव स्थित सरदार पटेल इंटर कॉलेज सिकरो की छात्रा हैं। आस्था के पिताजी सूरत में रहकर काम करते हैं और माता मीना देवी गृहिणी हैं। बड़ी दो बहनों प्रतिमा और स्नेहा की शादी हो चुकी है। भाई सुधांशु तिवारी तीनों बहनों से छोटा है। आस्था ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी मां और गुरुजनों को दिया है।

रिजल्ट के बाद खुशी का इजहार करती छात्राएं

इंटरमीडिएट की टाप-10 लिस्ट में बालिकाओं ने किया क्लीन स्वीप

प्रयागराज। बेटियों का कोई सानी नहीं। यूपी बोर्ड के नतीजों को यदि प्रयागराज के संदर्भ में देखें तो इंटरमीडिएट के शीर्ष दस में एक भी बालक स्थान नहीं बना पाया। इस सूची में कुल 14 नाम शामिल हैं सभी बालिकाओं के हैं। पहले स्थान पर अंशिका यादव 95 प्रतिशत अंक के साथ हैं जबकि दूसरे स्थान पर जिया मिश्रा और आंचल यादव हैं। दोनों छात्राओं ने समान रूप से 94 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है।इंटरमीडिएट की जिला टाप लिस्ट में 92 प्रतिशत अंक के साथ तीसरे स्थान पर दीपिका कुशवाहा हैं। चौथे स्थान पर 91 प्रतिशत अंक के साथ श्वेता सिंह हैं। 90.20 प्रतिशत अंक के साथ पांचवें स्थान पर अलका सिंह और खुशी भारतीया हैं। 89.80 प्रतिशत अंक के साथ संस्कृति सिंह छठवें, 89.20 प्रतिशत अंक के साथ सातवें स्थान पर ज्योति विश्वकर्मा हैं। इसी तरह आठवें स्थान पर तानिया पांडेय, सौम्या शुक्ला, निधि सेठ संयुक्त रूप से आठवें स्थान पर हैं। इन्होंने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। नौवें स्थान पर रही तनु तिवारी ने 88.80 और दसवें स्थान पर रहने वाली मानशी गौड़ ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है।इंटर मीडिएट की प्रदेश स्तरीय सूची में भी बेटियां आगे हैं। शीर्ष दस की सूची में कुल 28 नाम शामिल हैं इनमें से 15 बेटियां हैं। इसी क्रम में जिले की हाईस्कूल की शीर्ष 10 की सूची में कुल 17 नाम शामिल हैं। इनमें 10 बालिकाएं हैं। प्रथम और द्वितीय स्थान पर बेटियां ही हैं। प्रदेश स्तरीय सूची में कुल 27 विद्यार्थी हैं जिनमें 19 छात्राएं हैं।

अटाला बवाल के आरोपियों की तलाश में ताबड़तोड़ दबिश, दो दर्जन हिरासत में

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। अटाला ववाल के आरोपियों की तलाश में शुक्रवार की रात और शनिवार दिन में भी ताबड़तोड़ दबिश दी गई। पुराने शहर के विभिन्न क्षेत्रों से करीब दो दर्जन लोगों को हिरासत में लिया गया है। पोस्टर में बवाल करते नजर आए रहे छह लोग भी इसमें शामिल हैं। उनसे पूछताछ की जा रही है। इसके अलावा अन्य आरोपियों की लोकेशन तथा भूमिका के बारे में पता लगाया जा रहा है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि गिरफ्तारी का आंकड़ा रविवार को 100 पार हो जाएगा। अब तक पुलिस 97 आरोपियों की गिरफ्तारी दिखा चुकी है। अटाला बवाल के आरोपियों की तलाश में पुलिस टीमों ने शनिवार की रात और शुक्रवार को अटाला, रोशनबाग, बख्शी बाजार, खुल्दाबाद, करेली और मिन्हाजपुर इलाकों में दबिश दी। दबिश के दौरान पुलिस ने दो दर्जन से अधिक लोगों को पकड़ लिया। उन सबसे पूछताछ की जा रही है। पोस्टर मिलान के दौरान छह लोग चिन्हित कर लिए गए। उनकी मोबाइल काल डीटेल्स और लोकेशन के बारे में पता किया जा रहा है।

मोबाइल लोकेशन और कॉल डिटेल्स की पड़ताल : घटना वाले दिन वे किससे किससे संपर्क में थे। वे किस गाड़ी से घूम रहे थे। उन्हें किसने अटाला आने के लिए बुलाया था? इन सारे प्रश्नों के बारे में उनसे पूछताछ की जा रही है। सूत्रों का कहना है कि पोस्टर के आधार पर पहचाने गए आधा दर्जन लोगों को जल्द ही जेल भेजा जाएगा। इसके अलावा जो भी लोग पकड़े गए हैं, उनकी भी मोबाइल लोकेशन पता की जा रही है। पुलिस ने अब तक जितने लोगों को जेल भेजा था, उन सबसे साथियों के नाम पूछा था। इसी आधार पर धरपकड़ की जा रही है। मोबाइल लोकेशन और कॉल डीटेल्स से पता लग जाएगा कि घटना के दिन उनकी लोकेशन क्या थी।घटना में शामिल होने की पुष्टि के बाद ही उन्हें जेल भेजा जाएगा। इस मामले में तमाम लोग अभी भी मोबाइल बंद कर फरार हैं। पुलिस को शक है कि ये लोग घटना में शामिल थे। उनके मोबाइल नंबरों को सर्विलांस पर लगाया जा रहा है। उनके कई रिश्तेदारों को पकड़कर पूछताछ की जा रही है। पुलिस अब तक 97 आरोपियों को जेल भेज चुकी है। रविवार यह आंकड़ा 100 के पार होने की उम्मीद है।

अटाला में फोर्स कम की गई, आरएएफ ने आज भी की गश्त : अटाला में एक हफ्ते पहले हुए बवाल के बाद शुक्रवार को भारी संख्या में फोर्स को तैनात किया गया था। सड़कों के साथ साथ गलियों में भी पुलिस की तैनाती, लेकिन शनिवार को माहौल में काफी नरमी दिखी। फोर्स की संख्या में काफी घटा ली गई थी। हालांकि आरएएफ और पीएसी ने आज भी गश्त किया लेकिन बाद में फोर्स को हटा लिया गया था।

हाईकोर्ट के 10 एडिशनल न्यायाधीशों को स्थायी जज के रूप में नियुक्त करने की अधिसूचना जारी

प्रयागराज। केंद्र सरकार ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में पूर्व से कार्यरत 10 एडिशनल न्यायाधीशों को स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की अधिसूचना जारी कर दी है। अब जारी इस अधिसूचना के बाद सभी कार्यरत 10 एडिशनल जजों को फिर से शपथ दिलाई जाएगी।हाईकोर्ट के 10 जजों के नाम इस प्रकार हैं- जस्टिस संजय कुमार पचौरी, जस्टिस सुभाष चंद्र शर्मा, जस्टिस सुभाष चंद (वर्तमान में झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश), जस्टिस सरोज यादव, जस्टिस मो. असलम, जस्टिस अनिल कुमार ओझा, जस्टिस साधना रानी (ठाकुर), जस्टिस सैयद आफताब हुसैन रिजवी, जस्टिस अजय त्यागी, और जस्टिस अजय कुमार श्रीवास्तव। हाईकोर्ट के यह सभी न्यायाधीश पहले से ही एडिशनल जज के रूप में शपथ लेकर काम कर रहे हैं। इनमें से कुछ न्यायमूर्ति इलाहाबाद हाईकोर्ट व कुछ न्यायमूर्ति इसकी लखनऊ बेंच में कार्यरत हैं।

जनामि शैक्षिक अभियान : बच्चों को कराया गया पुस्तकालय का भ्रमण

अखंड भारत संदेश

एनजीबीयू विधि विभाग द्वारा जनामि शैक्षिक अभियान चलाकर 6 से 14 वर्ष के गरीब बच्चों को निशुल्क दे रहा शिक्षा

कार्यक्रम के शुभारम्भ अवसर पर एकत्रित बच्चे

प्रयागराज। शनिवार को नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय प्रयागराज के जनामि फाउंडेशन में पंजीकृत 6 से 14 वर्ष के 85 बच्चों तथा बीए एल एलबी विभाग के छात्र-छात्राओं का केंद्रीय पुस्तकालय, शोध केंद्र, झूठी ताली में भ्रमण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ उप कुलसचिव श्री अनुपम सिन्हा द्वारा हनुमानगंज परिसर में किया गया। केंद्रीय पुस्तकालय शोध केंद्र में कुलपति द्वारा भ्रमण पर आए छात्र-छात्राओं को पुस्तकालय के महत्व को समझाया गया प्रति कुलपति द्वारा छात्र छात्राओं को अच्छी पुस्तकें पढ़ने को कहा जिससे वे देश के महापुरुषों के बारे में गहनता से जान सके। कार्यक्रम समन्वयक डॉ० स्वप्निल त्रिपाठी ,अधिष्ठाता विधि संकाय ने कार्यक्रम की सफलता का श्रेय श्री श्याम मूर्ति शुक्ला परामर्शी केंद्रीय पुस्तकालय, श्री सुधांशु, श्री विनीत प्रताप सिंह संकाय सदस्य, डॉ मोनिका सिंह, श्री सत्येंद्र कुमार गुप्ता, श्री प्रकाश यादव, श्रीमति नीलम एवं कार्यालय अधीक्षक अनुराग वर्धन सिंह, महेंद्र को दिया। कार्यक्रम में 150 छात्र - छात्राएं सम्मिलित हुए।

घर में घुस दबंगों ने किशोरी को लाठी-डंडों से पीटा, घायल

अखंड भारत संदेश

मेजा रोड। मेजा थाना अंतर्गत ग्राम सभा अकोढा में शाम 7:00 बजे चार पांच लोग घर में घुसकर घर में अकेले किशोरी को लाठी-डंडों से पीटकर किया घायल प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेंद्र प्रसाद भारतीय का पूरा परिवार अपने पड़ोस में बारात में शामिल होने के लिए शाम 7:00 बजे घर से निकले तभी घर पर उनकी बिटिया शर्मिला को सिमेरी का पूरा ऊंचडीह बाजार निवासी जासो लाल भारतीय का बेटा छोटकू भारतीय बबलू भारतीय का लड़का व चार पांच अज्ञात लोग घर में घुसकर लाठी डंडा से मारकर घायल कर दिया। शोरगुल सुनने पर परिजन मौके पर पहुंचकर देखा तो उनकी बिटिया

घायल अवस्था में किशोरी

घायल अवस्था में पड़ी थी । परिजन तुरंत 112 नंबर पर सूचना दी 112 पीआरवी मौके पर पहुंचकर घायल को निजी अस्पताल में भर्ती करा कर जांच में जुट।

कांग्रेस कमेटी की तरफ से शोक सभा का आयोजन संपन्न

प्रयागराज। अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी इलाहाबाद के महासचिव महफूज अहमद के छोटे भाई मसूद अहमद (चांद) गुरुवार को इंतकाल पर अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी इलाहाबाद ने एक शोक सभा रखी जिसमे मरहूम की मगफरत की दुआ मांगी गई इस दुःख की घड़ी में पीसीसी सदस्य फुजेल हाशमी और शहर अध्यक्ष अरशद अली की अगवाई में कांग्रेसी कार्तरता महफुज अहमद के घर जाकर संवेदना प्रकट करते हुए अरशद अली ने कहा इस दुख की घड़ी में पुरा कांग्रेस परिवार आपके साथ खड़ा है इस मौके पर फुजेल हाशमी, अरशद अली, कमाल अली, परवेज सिद्दिकी, हसीन अहमद, नफीस कुरेशी, जाहिद नेता, अरमान कुरेशी, मुस्तकीन कुरैशी, शहनवाज खान, तालिब अहमद, आदि मौजूद रहे।

साहित्य प्रकोष्ठ के दो वरिष्ठ पदाधिकारियों को मिला कोरोना योद्धा सम्मान

अखंड भारत संदेस

डॉक्टर राजेंद्र शुक्ला एवं डॉ वीरेंद्र कुसुमाकर साहित्य सेवा के लिए सम्मानित किए गए

करछना। भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के साहित्य प्रकोष्ठ के दो वरिष्ठ पदाधिकारी डॉ राजेंद्र शुक्ल एवं डॉ वीरेंद्र कुसुमाकर को उनकी दीर्घकालीन साहित्यिक सेवा के लिए महासंघ के केंद्रीय कार्यालय में एक संक्षिप्त काव्य गोष्ठी में कोरोना योद्धा सम्मान प्रदान किया गया और उन्हें महासंघ के स्थापना दिवस पर भी सम्मानित करने का निर्णय लिया गया उपरोक्त जानकारी भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी पवनेश कुमार पवन ने दी उन्होंने बताया कि साहित्यकार सम्मान श्रृंखला के अंतर्गत आज 2 साहित्यकारों को विशेष रुप से साहित्य प्रकोष्ठ को गतिशील बनाने और दीर्घकालीन साहित्यिक सेवा के लिए केंद्रीय कार्यालय पत्रकार भवन गंधियांव के प्रांगण में आयोजित बाबू देवकीनंदन खत्री की जयन्ती पर संक्षिप्त काव्य गोष्ठी के दौरान कोरोना योद्धा सम्मान पत्र दिया गया भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक डा० भगवान प्रसाद उपाध्याय ने उपरोक्त साहित्यकार द्वय को महासंघ की मासिक पत्रिका साहित्यांजलि प्रभा भी भेंट की सम्मानित साहित्यकारों ने पत्रिका के लिए और अधिक सहयोग देने का आश्वासन दिया और कहा कि शीघ्र ही पत्रिका को बहुआयामी बनाने के लिए इसमें और अधिक साहित्यकारों को जोड़ा जाएगा तथा विभिन्न जनपदों में साहित्य प्रकोष्ठ की इकाइयों को सक्रिय किया जाएगा उल्लेखनीय है कि भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ का साहित्य प्रकोष्ठ इन दिनों साहित्य के क्षेत्र में अनेक उल्लेखनीय आयाम स्थापित कर रहा है इन्हीं सब की समीक्षा के लिए साहित्य प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय प्रभारी श्याम नारायण श्रीवास्तव जी बुधवार को महासंघ के सिविल लाइन कार्यालय में साहित्य प्रकोष्ठ के मंडल संयोजक डॉ राम लखन चौरसिया बागीश और अन्य पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे इन दिनों साहित्य प्रकोष्ठ की ओर से कई पुस्तकें प्रकाशन आधीन हैं और में शीघ्र ही कई नीतिगत निर्णय लिए जाएंगे जिसकी जानकारी केंद्रीय संचालन समिति द्वारा दी गई है।

कंडक्टर से वसूली करता टीआई का वीडियो वायरल, सस्पेंड

प्रयागराज। रोडवेज प्रयागराज रीजन में कार्यरत टीआई (यातायात निरीक्षक) का एक कंडक्टर से वसूली करने का वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में टीआई राजेंद्र कनौजिया प्रयागराज-कानपुर रूट पर चलने वाली एक बस में ड्यूटी पर तैनात कंडक्टर से रुपये ले रहा है। क्षेत्रीय प्रबंधक तक यह वीडियो पहुंचा तो उन्होंने जांच करवाकर उसे सस्पेंड कर दिया है। बताया जा रहा है कि वीडियो पिछले सप्ताह का है। इसमें प्रयागराज-कानपुर मार्ग पर टीआई बसों की जांच करता है। इसी जांच के दौरान टीआई राजेंद्र कनौजिया बस की चेकिंग करते हुए दिख रहे हैं। वीडियो में यह भी है कि कंडक्टर टीआई को कुछ रुपये देता है। इन रुपयों को वह ले तो लेते हैं, लेकिन उसे कम बताता है। इस दौरान कंडक्टर उन्हें मनाने का प्रयास करता है। गुजारिश करता है कि कि साहब ले लीजिए। कंडक्टर इस बात का रोना रोता है कि आजकल कुछ भी नहीं बच रहा है इतने से ही काम चलाइये। बाद में टीआई दो सौ रुपया बढ़ाकर देने की मांग करता है, जिस पर परिचालक उन्हें पैसा बढ़ा कर देता है। यह पूरा वाकया बस में मौजूद किसी कर्मचारी द्वारा मोबाइल में कैद कर लिया जाता है। बाद में उसे वायरल कर दिया। रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक टीकेएस बिसेन ने बताया कि वायरल वीडियो 16 जून को उनके पास पहुंचा। उन्होंने बताया कि आरोपी टीआई जीरोरोड डिपो का है। जांच करवाने के बाद टीआई राजेंद्र कनौजिया को सस्पेंड कर दिया है।

प्रतापगढ़ संदेश

साकेत गर्ल्स इंटर कालेज की हाईस्कूल छात्रा तरु ने किया जिले में टाप

तरु सिंह। निष्ठा सिंह। पलक पाण्डेय। मानसी यादव। समीक्षा सिंह। श्रेया यादव।

पट्टी के छात्र रवि प्रकाश ने यूपी में हासिल किया नौवां स्थान

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। हाईस्कूल व इंटर का रिजल्ट शनिवार को वेबसाइट पर जारी कर दिया। हाईस्कूल का रिजल्ट दो बजे निकलना था, वह लोग तीन से साढे.तीन बजे तक निकाल पाए और चार बजे घोषित होने वाला इंटर का रिजल्ट पांच बजे तक भी नहीं निकल पाया था। बताया जाता है कि साकेत गर्ल्स इंटर कालेज की छात्रा ने इस बार जिले की मेरिट मे बाजी मारी है।हाईस्कूल परीक्षा में साकेत गर्ल्स इंटर कालेज की छात्रा तरु सिंह ने 95.83 प्रतिशत अंक पाकर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस विद्यालय की निष्ठा सिंह ने हाईस्कूल में 94.5 प्रतिशत, पलक पाण्डेय ने 93.00 प्रतिशत, मानसी यादव ने 92.6 प्रतिशत, समीक्षा सिंह व श्रेया यादव ने 90.2 प्रतिशत अंक हासिल किया है। हाईस्कूल में मुजाही इंटर कालेज पट्टी के छात्र रवि प्रकाश ने आठवां स्थान हासिल किया है। इससे उनके परिजनों में खुशी की लहर है। रवि प्रकाश मिश्रा ने 92.6 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रतापगढ़ का नाम रोशन किया है। इसी तरह नौवां स्थान हासिल कर छात्रा आस्था सिंह ने 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन किया है। आस्था साकेत गर्ल्स इंटर कालेज की छात्रा है।

हाई स्कूल में शत प्रतिशत रहा बीबीएफजी का रिजल्ट

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। हाई स्कूल परीक्षा में बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के सहयोग से शिक्षा ग्रहण कर रहे सही छात्र पास हुए हैं। रागिनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अच्छे नंबरों से पास होने वाले बच्चों में नितेश प्रजापति, राजनंदिनी, हिमांशु और निखिल शामिल है। रिजल्ट घोषित होने के बाद भंगवा स्थित बीबीएफजी के सेंटर पर सभी छात्रों का लड्डू से मुंह मीठा कराया गया। टीचर शनि सरोज ने बताया कि बच्चों में उत्साह है। ये बच्चे आर्थिक रूप से बेहद कमजोर है। कुछ के अभिभावक भी नहीं है।

ग्रुप इन सभी बच्चों की पढ़ाई के साथ साथ और भी जरूरी जिम्मेदारी उठाता है। रागिनी और हिमांशु का सपना है कि वह पढ़ लिखकर पुलिस में दरोगा बने और लोगों को न्याय दिला सके। इसी तरह से निखिल और नितेश ने भी पढ़ लिख कर डाक्टर और टीचर बनने की इच्छा जताई है। ग्रुप के सभी सहयोगियों में खुशी की लहर है। वे बच्चों की आगे की शिक्षा का खर्च उठाने को तैयार हैं। पास हुए बच्चों के अभिभावक भी खुश हैं। उन्होंने इसके लिए बीबीएफजी का प्रति आभार ज्ञापित किया है। बच्चा बैंक के सहयोग से इन बच्चों की शिक्षा की जिम्मेदारी उठा रहे टीचर राजेश कुमार ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार जताया और कहा कि ग्रुप के सहयोगी न होते तो बच्चों को पढ़ाई में दिक्कत आती।

पट्टी तहसील में आयोजित समाधान दिवस में समस्याएं सुनते डीएम-एसपी

पट्टी तहसील में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

कुल 7 मामले का हुआ त्वरित निस्तारण

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। शनिवार को प्रतापगढ़ के जिला अधिकारी की अध्यक्षता में पट्टी तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों फरियादियों ने अपनी समस्याओं से मौजूद अधिकारियों को अवगत कराया कुल 339 मामले आए जिसमें 7 का त्वरित निस्तारण किया गया।

शासन के निर्देश पर शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी नितिन बंसल ने किया। सुबह से जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल व पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के आगमन की सूचना पाकर पर फरियादियों की काफी भीड़ लगी रही। राजस्व के कुल 131 मामले आए जिसमें 6 का मौके पर ही त्वरित निस्तारण किया गया पुलिस विभाग से संबंधित 85 विकास से संबंधित 32 समाज कल्याण से संबंधित कुल 3 शिक्षा से संबंधित तीन स्वास्थ्य से संबंधित एक अन्य 84 मामले सामने आए जिसमें कुल 7 मामलों का त्वरित निस्तारण किया गया।

विदेशी कंपनी 20 हजार रुपये लेकर हुई फरार

पट्टी, प्रतापगढ़। सात साल में दी गई धनराशि को दोगुना करने का झांसा देकर एक कंपनी पैसा लेकर फरार हो गई। गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने धनराशि को दोगुना करने की गारंटी लिया था। पीड़ित युवक ने इस संबंध में गारंटी लेने वाले युवक के विरुद्ध पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर इंसाफ की गुहार लगाई है।

पट्टी कोतवाली क्षेत्र के नेवादा गांव का रहने वाले खुशहाल को गांव के एक व्यक्ति धर्म राज शर्मा ने एक कंपनी में 20 हजार रुपये निवेश करने तथा दी गई धनराशि को 7 साल में दोगुना करने का वादा किया था। खुशहाल का कहना है कि धर्मराज ने कहा कि अगर कंपनी ने उसे पैसा नहीं दिया तो पैसा वह देगा इस बीच कंपनी उसका 20 हजार रुपये लेकर फरार हो गई तो पीड़ित ने पट्टी कोतवाली में गारंटी लेने वाले धर्मराज के खिलाफ शिकायती पत्र देकर इंसाफ की गुहार लगाई है।

अधिवक्ता के छोटे भाई की अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई थी मौत

अखंड भारत संदेश

बाघराय, प्रतापगढ़। बाघराय थाना क्षेत्र के काशीपुर गांव निवासी पूर्व प्रधान व अधिवक्ता डाक्टर यस पी सिंह के छोटे भाई सत्येंद्र कुमार सिंह बीते 15 जून को देर शाम गांव के अमरजीत सिंह के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए बाइक से घर से निकले हुए थे तभी रास्ते में भगौतीपुर सिथत आयुर्वेद अनुसंधान केंद्र के पास अज्ञात वाहन की जोरदार टक्कर से बाइक सहित नाले में जा गिरे जिससे मौके पर ही सत्येंद्र कुमार सिंह की मौत हो गई।

परिजन रात्रि भर ढूढते रहे सुबह नवाबगंज प्रयागराज की पुलिस ने 16 जून की सुबह शव को बरामद कर पीयम करवाया। इधर मृतक के बड़े भाई डॉक्टर एसपी सिंह अधिवक्ता ने थाना नवाबगंज जनपद प्रयागराज में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि मेरे भाई की बाइक मे साजिश के तहत किसी ने जबरजस्त टक्कर मार दिया जिससे मौत हो गई इस मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

सीडीओ व विधायक को पतंजलि ने कराया योगा का अभ्यास

अखंड भारत संदेश

पतंजलि योग समिति के तत्वावधन में हुआ आयोजन

प्रतापगढ़। शहर के संस्कार गार्डन में पतंजलि योग समिति के तत्वाधान में चल रहे 25 दिवसीय सह-योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर में आज पतंजलि योग समिति कटरा गुलाब सिंह सहित सीडीओ ईशाप्रिया व विश्वनाथ गंज विधायक जीतलाल पटेल ने सहभागिता कर 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर होने वाले प्रोटोकॉल का अभ्यास किया।

सबसे पहले विधायक जीतलाल पटेल सहित व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेंद्र केसरवानी सहित पदाधिकारियों व टीम पतंजलि कटरा गुलाब सिंह से राजेन्द्र अग्रहरि व अरुणेश अग्रहरि आदि ने द्वीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। तत्पश्चात पतंजलि प्रभारी के नेतृत्व में उपस्थित जनमानस को अंतर्राष्ट्रीय प्रोटोकाल का क्रमानुसार अभ्यास कराया गया। उपस्थित अन्य व्यक्तियों में पतंजलि योग समिति से श्याम नारायण, धर्मेंद्र प्रताप, अनुपमा, आकांक्षा, नंदलाल योगी, देवाशीष, यजुवेंद्र प्रताप, व्यापार मंडल से जिलाध्यक्ष राजेन्द्र केसरवानी, महामंत्री संजय सोनी व पतंजलि योग समिति कटरा गुलाब सिंह से राजेन्द्र अग्रहरि, अरुणेश, वरुणेश, दिनेश, उमेश आदि योगी साधकों की उपस्थिति रही।

योगाभ्यास के दौरान मौजूद सीडीओ व अन्य पदाधिकारी।

विरोध में चार ट्रेनें रद्द, यात्रियों की मुश्किलें बढ़ीं

अग्निपथ योजना के विरोध में हो रहे प्रदर्शन को देख रेलवे का निर्णय

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। देश भर में अग्निपथ योजना के विरोध में हो रहे प्रदर्शन का असर दूसरे दिन शनिवार को भी रहा। सुरक्षा के लिहाज से रेलवे ने पंजाब मेल और अर्चना एक्सप्रेस समेत चार ट्रेनों को रद्द कर दिया। अचानक से कैंसिल हुई ट्रेनों की वजह से यात्रियों की मुश्किलें बढ़ गई है। उनको अपनी यात्रा रद्द कर रिफंड की लाइन में जूझते देखा गया। स्टेशन पर सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस फोर्स तैनात थी। जीआरपी और आरपीएफ का स्टेशन परिसर में मार्च जारी रहा।

विरोध का असर ट्रेनों के संचालन पर पड़ रहा है। रेलवे को शंका है कहीं लोगों के गुस्से का शिकार ट्रेन और यात्री न हो जाए। जैसा की देश के कुछ राज्यों और शहरों में इस तरह की घटनाएं हुईं हैं। इसलिए मजबूरी में अमृतसर हावड़ा पंजाब मेल, अर्चना एक्सप्रेस, लखनऊ बनारस इन्टर सिटी एक्सप्रेस और प्रतापगढ़ से बनारस जाने वाली वीपी पैसेंजर ट्रेन को कैंसिल कर दिया गया। मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों में जिन यात्रियों का आरक्षण था। उन्हें कैंसिल होने की जानकारी स्टेशन पर हुई तो चैंक गए। पूरी तैयारी से आए यात्रियों को निराश होकर घर लौटना पड़ा। टिकट वापसी के लिए लंबी लाइन में लगना पड़ा। सुबह ही भारी पुलिस फोर्स स्टेशन के अंदर और बाहर तैनात कर दी गई। जीआरपी और आरपीएफ के साथ कोतवाली पुलिस मुस्तैदी से डटी रही। एसएस मोहम्मद शमीम ने बताया कि शनिवार को पंजाब मेल समेत चार ट्रेनें रद्द थी। काउंटर पर टिकट कैंसिलेशन की व्यवस्था थी। इंस्पेक्टर आरपीएफ और एसओ जीआरपी ने बताया कि स्टेशन पर कहीं कोई अप्रिय घटना नही घटी।

स्टेशन छावनी में तब्दील,चप्पे चप्पे पर पुलिस

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। कहीं कोई अप्रिय घटना न घटे। इसके लिए स्टेशन को छावनी में तब्दील कर दिया गया था। स्टेशन के बाहर और अंदर भारी पुलिस फोर्स तैनात थी। अधिकारी मोबाइल पर पल पल की खबर ले रहे थे। प्रदर्शन के मद्देनजर स्टेशन पर सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। स्टेशन पर अनावश्यक भीड़ न होने पाएं। इसके लिए रेलवे ने बिना टिकट यात्रियों के अंदर दाखिल होने पर पाबंदी लगाई है। चेकिंग स्टाफ को गेट पर टिकट चेक करने के निर्देश हैं। मगर इसका पालन पूरी तरह से हो नहीं पा रहा है। सीएमआई नीरज सोमवंशी का कहना है कि चेकिंग स्टाफ बिना टिकट यात्रियों से जुमार्ना वसूले।

कार्डधारकों को 30 जून तक निःशुल्क चावल का होगा वितरण

प्रतापगढ़। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया है कि माह मई 2022 के सापेक्ष में प्रधानमंत्री गरीब कलयाण अन्न योजना अन्त्योदय व पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को 19 जून से 30 जून तक निःशुल्क चावल का वितरण ई-पॉस मशींन के माध्यम से उचित दर विक्रेताओं द्वारा किया जायेगा। इस अवधि में अन्त्योदय एवं गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को प्रति यूनिट 05 किग्रा0 चावल निःशुल्क वितरित किया जायेगा। आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से चावल प्राप्त न होने की स्थिति में कार्डधारक मोबाइल ओ0टी0पी0 वेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण की अन्तिम तिथि अर्थात 30 जून को खाद्यान्न प्राप्त कर सकेगें।

सरकारी राशन खरीद फरोख्त करने वाले सक्रिय गिरोह को पुलिस ने पकड़ा

अखंड भारत संदेश

कुण्डा। मुखबिर की सूचना पर संग्रामगढ़ पुलिस ने आंगनवाड़ी केन्द्र के सरकारी राशन खरीद फरोख्त करने वाले सक्रिय गिरोह को पकड़ा है । बताते चलें किएक व्यक्ति गिरफतार हुआ ।बहुत दिनों से पुलिस को थी इसकी सूचना मकान मालिक के शटर का ताला तोड कर बरामद किया।

पैकेट चना दाल, रिफाइंड, दलिया वर्षों से काले कारनामों में लिप्त है व्यापारी। एक शिफ्ट में उतरता है तीन से पांच लाख तक का सरकारी राशन । आस पास के आंगनवाड़ी केन्द्रों पर तैनात कर्मचारियों के ऊपर गिर सकती है गाज खुल सकती है बाबागंज ब्लाक में ईमानदारी का प्रतीक बने अधिकारी वा कर्मचारियों की पोल । बच्चों व गरीबों को मिलने वाला सरकारी खाद्य पदार्थ की खुलेआम काला बाजारी चल रही है। जांच ईमानदारी से हुयी तो फंस सकते है कयी रसूखदात जब भ्रष्टाचार में अधिकारी से लेकर चपरासी तक इस खेल में लिप्त है तो कहा से खत्म होगा भ्रष्टाचार।

जहर खुरानी का शिकार हुआ परदेशी

अखंड भारत संदेश

कुण्डा। कुण्डा कोतवाली क्षेत्र के रायपुर भरखी गांव निवासी बृजेश कुमार पुत्र रामेश्वर प्रसाद पूना मे रहकर फर्नीचर का काम करता है।बृजेश 14 जून को घर वापसी के लिए पूना से निकला था।बृजेश पूना से ट्रेन से प्रयागराज के छिंवकी रेलवे स्टेशन पहुंचा।छिंवकी रेलवे स्टेशन सिविल लाइंस रोडवेज बसड्डा पहुंचा।जहां से उसको घर आने के लिए प्रयागराज से लखनऊ जाने वाली रोडवेज बस पकड़ना था।बसड्डे पर वह जहर खुरानी का शिकार हो गया।होस आने पर उसने घर वालों को फोन कर इसकी जानकारी दी।तब परिजन पहुंचे और उसको घर ले गए।

मारपीट की घटनाओं मे तीन घायल

अखंड भारत संदेश

कुण्डा। आपसी विवाद मे लाठी डंडे चलने से पिता पुत्र समेत तीन लोगों को काफी चोटे आई है।हथिगवां थाना क्षेत्र के बिसहिया गांव हनुमत मिश्रा पुत्र भुवनेश्वर का गांव के ही एक व्यक्ति से विवाद था।जिसके चलते हनुमत से शुक्रवार को विवाद इतना बढ़ा कि लाठी डंडे निकल आए।जिसमे हनुमत 65 उनके बेटे प्रदीप 35 प्रशांत 23 को काफी चोटें आई है।परिजन घायलों को सीएचसी कुण्डा मे इलाज कराने के लिए ले गए।

चोरी की मोटर साइकिल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जनपद के थाना अन्तू से उ0नि0 राजन कुमार बिन्द मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के पूरेअन्ती बैरियर पेट्रोल पम्प के पास से एक व्यक्ति विपिन सिंह पुत्र केशरी प्रसाद सिंह निवासी गुलालपुर जनपद सुल्तानपुर को 01 अदद चोरी की मोटर साइकिल (जिस पर गलत नम्बर अंकित है) के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 323/2022 धारा 41, 411, 419, 420, 465, 471 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस द्वारा अभियुक्त उपरोक्त से पूछने पर बताया कि मैं यह मोटर साइकिल रेलवे स्टेशन प्रतापगढ़ से 14 जून 2022 की शाम लगभग सात बजे चोरी किया था और पकड़े जाने के डर से गाड़ी का नम्बर बदल दिया था।

डीएम ने रेलवे स्टेशन पर मजिस्ट्रेटों को किया गया तैनात

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिला मजिस्ट्रेट डा0 नितिन बंसल ने अग्नि पथ योजना के दृष्टिगत जनपद मुख्यालय स्थित रेलवे/उ0प्र0 परिवहन निगम के बस स्टेशन व उसके आस-पास विधि-व्यवस्था एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने तथा रेल परिसम्पत्तियों की सुरक्षा के उद्देश्य से मजिस्टेज्टों /अधिकारियों को तैनात कर दिया है जो रेलवे स्टेशन पर व उसके आस-पास उपस्थित/भ्रमणशील रहकर विधि व्यवस्था सुनिश्चत करायेगे। उन्होने रेलवे स्टेशन पर दिनांक 19 जून को प्रातः 5 बजे से दोपहर 12 बजे तक बाट माप निरीक्षक मोबाइल नम्बर 9452611749 व दोपहर 12 बजे से सायं 8 बजे तक मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी 9454468702 को तैनात किया है। दिनांक 20 जून को प्रातः 5 बजे से दोपहर 12 बजे तक जिला सेवायोजन अधिकारी 9450588001 व दोपहर 12 बजे से सायं 8 बजे तक अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा 9454468594 को तैनात किया है। इसके अतिरिक्त दिनांक 21 जून को निर्धारित समयानुसार बाट-माप निरीक्षक व मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी की ड्यिूटी लगायी गयी है। उन्होने रेलवे स्टेशन पर शांति-व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) को प्रभारी बनाया है। उन्होने समस्त उप जिला मजिस्टेज्ट/क्षेत्राधिकारी को निर्देशित किया है कि अपने क्षेत्रान्तर्गत अवस्थिल रेलवे स्टेशनों पर तहसील स्तर से मजिस्टेज्ट/पुलिस बल का परिनियोजन करते हुये शासन के निदेर्शानुसार कार्यवाही सुनिश्चित कर अपने क्षेत्रान्तर्गत कानून व्यवस्था सुनिश्चित करायेगें। उन्होने पुलिस अधीक्षक से अपेक्षा करते हुये कहा कि जनपद स्थित रेलवे स्टेशनों पर पर्याप्त पुलिस बल का परिनियोजन कर विधि व्यवस्था कर बनाये रखे तथा आवश्यकतानुसार अग्निशमन दल की भी तैनाती करें।

ससुरालीजनों ने फर्जी तरीके से कराया वसीयतनामा

दो बच्चों के संग दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर है विवाहिता

पट्टी, प्रतापगढ़। महिला को प्रताड़ित करके घर से निकाल देने के बाद पति की मौत के बाद ससुराली जनों ने उसकी संपत्ति का वसीयतनामा करा लिया। जिसके बाद पीड़ित महिला तहसील में अपने दो छोटे बच्चों के साथ इंसाफ के लिए चक्कर काट रही है। पट्टी तहसील क्षेत्र के आसपुर देवसरा थाना अंतर्गत विनैका गांव की रहने वाली इंदु तिवारी की शादी अभिषेक तिवारी के साथ हुई थी तहसील में शिकायती पत्र लेकर पहुंची इंदु देवी का कहना है कि ससुरालीजन उसे प्रताड़ित करके मारपीट करके घर से भगा दिए। बीते 13 जनवरी 2022 को उसके पति की ससुराली जनों ने हत्या कर दिया। उसके पहले ससुरालीजन उसकी संपत्ति का वसीयतनामा करके अपने नाम करा लिया।

आधे घंटे की वर्षा ने लोगों को दी राहत, किसानों के चेहरे खिले

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। दोपहर तक रही भीषण गर्मी के बाद अपरान्ह दो बजते ही बादल छा गये और चमक-धमक के साथ लगभग दो बजे वर्षा हुई। आधा घंटा हुई वर्षा से वातावरण थोड़ा नम हुआ। लोगों को गर्मी से राहत मिली है। वैसे तो शहर में हुई पहली वर्षा को तपती जमीन ने सोख लिया है फिर भी कुछ निचले स्थानों पर जलभराव हुआ है।

शहर में ट्रेजरी चौराहा, अम्बेडकर चैराहा, सियाराम कालोनी में सड़कों पर जलभराव दिखाई दिया। इस वर्षा से किसानों के चेहरे खिल उठे। खेती के लिये यह वर्षा वरदान है। धान की नर्सरी को पानी की सख्त जरुरत थी। किसानों को मानो, मन चाही मुराद मिल गई। ज्येष्ठ माह की प्रचण्ड गर्मी झेल चुके नागरिकों को आषाढ़ लगते ही वर्षा की आशा थी जिसकी आज शुरूआत हो गई।

अम्बेडकर चौराहे पर हुआ जलभराव।

इससे मौसम कुछ बदल गया है। वातावरण में नमी आई है। प्रचण्ड गर्मी में लोग राहत महसूस कर रहे हैं।

अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 20 को

प्रतापगढ़। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी/जिला माटीकला अधिकारी विनोद कुमार श्रीवास्तव ने बताया है कि उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के माध्यम से उ0प्र0 माटीकला बोर्ड का संचालन किया जा रहा है जिसके अन्तर्गत माटीकला शिल्पकारी प्रशिक्षण योजना के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 20 जून को पूर्वान्ह 10 बजे से निर्धारित किया गया है। योजना के अन्तर्गत कार्यालय को प्राप्त आवेदन पत्रों में से चयन कमेटी के माध्यम से पात्र लाभार्थी का चयन किया जाना है। माटीकला शिल्पकारी प्रशिक्षण योजना में आवेदन करने वाले समस्त अभ्यर्थी निर्धारित तिथि पर जिला ग्रामोद्योग कार्यालय परिसर सिविल लाइन प्रतापगढ़ में उपस्थित होकर साक्षात्कार में सम्मिलित हो।

सवर्ण आर्मी के कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय सम्मेलन आज

बाघराय, प्रतापगढ़। बाघराय के पूरे खोथई हनुमत धाम के निकट 19 जून को तीन बजे सवर्ण आर्मी व सवर्ण महासभा का एक दिवसीय सम्मेलन रविवार को तीन बजे से किया गया है इसमें मंडल प्रयागराज के सभी कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। मंडल उपाध्यक्ष प्रयागराज देवेंद्र मिश्रा ने बताया कि इस सम्मेलन को संबोधित करने के लिए सवर्ण आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वेश पांडेय आ रहे हैं।

खबर संक्षेप

निरोधात्मक कार्यवाही में 08 अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप मे थाना मझनपुर से एक थाना महेवाघाट से एक थाना कड़ाधाम से एक थाना पिपरी से दो थाना कौशाबी से एक थाना सराय अकिल से दो कुल 08 अभियुक्तो को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय कर दिया है।

चोरी की बाइक के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना सैनी पुलिस बल द्वारा दो अभियुक्तों शिवम केशरवानी पुत्र बद्री केशरवानी निवासी करनपुर सौरई थाना सैनी व अभिषेक केशरवानी पुत्र रामबाबू केशरवानी निवासी करनपुर सौरई थाना सैनी को तीन अदद चोरी की मोटरसाइकिल (कूटरचित कागजात व नम्बर प्लेट) के साथ गिरफ्तार कर बरामदगी के आधार पर थाना सैनी पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तो को न्यायालय भेज दिया है।

मण्डलायुक्त एवं पुलिस महानिरीक्षक ने मंझनपुर में सुनी जनशिकायतें

शासन की मंशा के अनुरूप शिकायतों के निस्तारण के दिये निर्देश

तहसील दिवस में फरियादियों की समस्याएं सुनते कमिश्नर आईजी

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। मण्डलायुक्त प्रयागराज मण्डल प्रयागराज संजय गोयल एवं पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज परिक्षेत्र डॉ0 राकेश सिंह ने तहसील मंझनपुर में जनशिकायतों को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्ता पूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दियें मण्डलायुक्त ने सभी अधिकारियों से कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप शिकायतकताओं के शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। उन्होने कहा कि आईजीआरएस एवं सीएम हेल्पलाइन के तहत प्राप्त शिकायतों को भी निर्धारित समयावधि में गुणवत्ता पूर्ण निस्तारित किया जाय कोई भी शिकायत लम्बित न होने पाये सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील मंझनपुर में कुल 46 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 03 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मंझनपुर प्रखर उत्तम सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

डीएम एवं एसपी ने तहसील सिराथू में सुनी जनशिकायतें

सभी अधिकारी विशेष ध्यान देते हुए शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता अवश्य सुनिश्चित करें

तहसील दिवस में फरियादियों की समस्याएं सुनते डीएम एसपी

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। शासन की मंशा के अनुरूप जनपद के सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने तहसील सिराथू में जनशिकायतों को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दियें उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि विशेष ध्यान देते हुए शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में टाइप आख्या ही अपलोड किया जाय तथा विभागाध्यक्ष का हस्ताक्षर अवश्य रहें सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर समस्या को निस्तारित करने के निर्देश दिये इसके साथ ही उन्होंने सम्बन्धित लेखपालों को मौके पर जाकर भूमि विवाद से सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 115 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 07 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतकर्ता रामनजर पुत्र रामपति निवासी ग्राम-काजीपुर पथरावा ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया है कि उनकी भूमिधरी पर दबंग व्यक्ति द्वारा जबरन कब्जा कर लिया गया है जिस पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी सिराथू को जॉच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। इसी प्रकार बाबूलाल पुत्र किरतानी निवासी ग्राम-टेंगाई द्वारा प्रार्थना देकर अवगत कराया गया कि उनकी भूमि पर गांव के दबंग व्यक्ति द्वारा जबरन कब्जा कर मकान का निर्माण किया जा रहा है जिस पर जिलाधिकारी ने राजस्व निरीक्षक को पुलिस के साथ मौके पर जाकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। शिकायतकर्ता बबलू ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया है कि दबंग व्यक्ति द्वारा खलिहान के नाम दर्ज भूमि पर कब्जा किया जा रहा है जिस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार को जॉच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शशिकान्त त्रिपाठी एवं मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 केसी राय सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित थे।

एन डी गर्ल्स/ब्वायज इंटर कॉलेज के छात्र छात्राओं ने यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम में लहराया परचम....

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। भरवारी स्थित एनडी गर्ल्स /बॉयज इंटर कॉलेज के छात्र छात्राओं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा परीक्षा परिणाम की घोषणा आज दिनांक 18 जून 2022 को हुआ परीक्षा परिणाम देखते ही छात्र एवं छात्राओं तथा अध्यापकों के चेहरे खिल उठे और सभी ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया और बधाई दिया हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में प्राची त्रिपाठी 89.33 %,शिवांगी सोनी 85.33%, प्रीति कुशवाहा 83.50%, छवि द्विवेदी 82.33%, शुभी केसरवानी 81.33%, गौरव कुमार शर्मा 81.66%, आनंद कुमार 81.66%, दिव्य कांत श्रीवास्तव 81.50%, सजल बाबू सोनकर 80.83%, मनजीत कुमार 80.66%, आदर्श गुप्ता 80.66%, प्रवेश कुमार 80.33% ने अंक प्राप्त किया वही इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में सावित्री कुमारी 76%, निहारिका त्रिपाठी 74.4%, नैंसी अग्रहरी 73.6% ,रेनू भारती 73.6 %,आकृति विश्वकर्मा 73.4 %, जया त्रिपाठी 73.2%, संध्या यादव 72.2%, सचिन कुमार 72.2% ,मोहम्मद जर्क शमशाद 71.4%, जितेंद्र विश्वकर्मा 70.4%, वर्षा कनौजिया 72% ने अंक प्राप्त किया। संस्थान के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने बच्चों की अभूतपूर्व सफलता पर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिया और अपने संदेश में कहा कि सफलता कठिन परिश्रम और समर्पण का परिणाम होता है शिक्षा के ही माध्यम से परिवार समाज देश का विकास संभव होता है शिक्षा प्राप्त करना सभी का मूल अधिकार होता है वहीं रिद्धि सिद्धि एकेडमी के निदेशक डॉक्टर मयंक मिश्र ने अपने संदेश में कहा कि संस्थान के चेयरमैन श्री गुप्ता ने बच्चों की शिक्षा को सशक्त माध्यम देने के लिए रिद्धि सिद्धि अकादमी की स्थापना की है जिसके माध्यम से छात्र एवं छात्राएं अपने सुनहरे भविष्य के सपनों को साकार कर सकते हैं यहां एसएससी ,एयर फोर्स ,वन डे एग्जाम ,यूपीटेट, सीटेट, एनडीए फ्री फाउंडेशन ,फाउंडेशन कोर्स का संचालन हो रहा है बच्चे एकेडमी में अध्यनरत होकर अपने भविष्य के सपनों को साकार कर सकते हैं रिजल्ट कार्यक्रम के दौरान एनडी बॉयज प्रिंसिपल श्री आर .पी .चतुवेर्दी बद्री विशाल शुक्ला नीरज शर्मा अजीत कुमार दीपक मिश्रा सचिन त्रिपाठी नीरज त्रिपाठी सत्यानंद आदि उपस्थित रहे।

संस्थान के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने बच्चों की अभूतपूर्व सफलता पर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिया

यूपी बोर्ड परीक्षा की खुशी में जश्न मनाते शिक्षक और छात्र

रिजल्ट के बाद जश्न मनाते धर्मा देवी कॉलेज के छात्र शिक्षक

यूपी बोर्ड परीक्षा में फिर धर्मा देवी के छात्र छात्राओं ने मारी बाजी

कौशाम्बी धर्मा देवी इंटर कॉलेज केन कनवार के छात्र छात्राओं ने फिर यूपी बोर्ड के परीक्षा में बाजी मारी है यूपी बोर्ड का परिणाम आते ही विद्यालय के छात्र-छात्राओं शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गई है यूपी बोर्ड परीक्षा 2022 हाईस्कूल एवं इण्टर जिले की टॉप 10 सूची में सबसे अधिक हाईस्कूल में 5 व इण्टर में 4 छात्र/छात्राओ ने स्थान अर्जित किया। हाईस्कूल में आर्यन पाण्डेय-93% जिले में तृतीय स्थान अनामिका देवी-92.67% जिले में चतुर्थ स्थान साक्षी देवी -91.5% जिले में सातवाँ स्थान पंकज कुमार सरोज व दिया गिरी-91% जिले में नौवाँ स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया तथा इसी क्रम में इण्टर मीडिएट में दिव्या साहू-89.4% जिले में दूसरा स्थान रितेश कुमार-86% जिले में तीसरा स्थान रावेन्द्र प्रताप सिंह-84.60% जिले में छठवाँ स्थान नेहा साहू-83.78% जिले में नौवाँ स्थान अर्जित किया। विद्यालय के समस्त शिक्षको एवं प्रबंध तंत्र द्वारा छात्र/छात्राओ को मिष्ठान खिलाकर सम्मानित किया गया।जनपद में सबसे अधिक स्थान अर्जित करने पर समस्त छात्र/छात्राओ एवं शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी।

बाइक सवारों को रौंदा एक की हुई मौके पर दर्दनाक मौत, दो गम्भीर घायल

पॉलिटेक्निक की तैयारी कर रहे युवक हुए हादसे के शिकार, एनएचआई की सड़क पर पड़ी मिट्टी बनी युवक की मौत का कारण

दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर एकत्रित पुलिस और ग्रामीण

अखंड भारत संदेश

अझुवा कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग नगर पर पंचायत अझुवा सोसायटी के ठीक सामने तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल सवारों को रौंद दिया है जिसमे एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हुई है वहीं 2 युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है मामले की सूचना मिलते ही हादसे के शिकार लोगों के परिवार में कोहराम मच गया है।

जानकारी के अनुसार सूरज सिंह उम्र तकरीबन 21 वर्ष पुत्र शिवराम सिंह निवासी बम्हरौली धाता फतेहपुर अपने साथियों के साथ पल्सर मोटरसाइकिल नम्बर वस्त्र 70 इफ 2950 में सवार होकर फतेहपुर की ओर से सैनी की तरफ जा रहे थे जैसे ही बाइक सवार नगर पंचायत अझुवा के टाण्डा मोड़ से कुछ दूर आगे पहुंचे थे कि एनएचआई की लापरवाही से राष्ट्रीय राजमार्ग में पड़ी मिट्टी से फिसलकर बाइक सवार बगल से गुजर रहे अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए जिससे वाहन ने तीनों बाइक सवारों को कुचल दिया हादसे में राकेश कुमार उम्र 22वर्ष पुत्र रामकिशोर निवासी शोभा का पुरवा कर्वी चित्रकूट की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी वहीं 2 युवकों सूरज सिंह और रणवीर सिंह उम्र लगभग 24 वर्ष पुत्र अवधेश सिंह निवासी सरौली थाना किशन पुर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं मौके पर पहुंची अझुवा चौकी पुलिस ने हादसे में घायल दोनों युवकों को एम्बुलेंस के माध्यम से सीएचसी कड़ा में भर्ती कराया था हालत गंभीर होने पर जहां से डॉक्टरों ने दोनो को जिला अस्पताल भेज दिया मौके पर मिले मोबाइल नम्बर से पुलिस ने परिजनों को हादसे से सूचित कर दिया है वहीं सूरज के पिता शिवराम सिंह ने बताया उनका पुत्र पालीटेक्निक ट्रेनिंग के लिए पिछले 3 दिन पहले घर से निकला है पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजकर अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है।

पुरामुफ्ती पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने किया हाईस्कूल एवं इंटर में अव्वल

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। प्रयागराज एवं कौशाम्बी बार्डर पर स्थित पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज (गर्ल्स इण्टरमीडिएट कॉलेज) पूरामुफ्ती प्रयागराज सत्र - 2021-22 का हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा का परिणाम अत्यधिक उत्साह वर्धक एवं शत-प्रतिशत रहा विद्यालय के प्रबन्धक डॉ. प्रभु शंकर शुक्ला ने विद्यार्थियों द्वारा किये गए परिश्रम एवं अथक प्रयास की सराहना की विद्यालय के प्रबंधक ने कहा कि छात्र छात्राओं ने पूर्व की भाँति विद्यालय ने वर्तमान सत्र में भी अपनी गरिमा को कायम रखा विद्यालय प्रबंधक में विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी एवं अध्यापक / अध्यापिकाओं द्वारा किये गये सार्थक प्रयास की सराहना की । विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. श्वेता पाठक ने सभी विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी साथ ही साथ अध्यापक अध्यापिकाओं को भी उनके सार्थक प्रयास के लिए भूरि-भूरि प्रशंसा की हाईस्कूल के टॉपर्स विद्यार्थियों में प्रमुख रूप से यश केशरवानी 86.8%, वर्तिका केशरवानी 84.1%, अनन्या गुप्ता 83.8%, अभिजीत पटेल 83.6%, राजकुमार ने विद्यालय का नाम रोशन किया है। इसी तरह 82.8%, तपन गुप्ता 81.8%, अंकुश पटेल 81%, हर्ष वर्धन पटेल 80.5%,विकास कुमार 79.1%, आयुष श्रीवास्तव 79%, अनुशिखा पाण्डेय 78.8%, वंश केशरवानी 78.8%, अनुज केशरवानी 78.5%, नवनीत सिंह 78.1%, मुस्कान सिंह 77.8%, अन्तलेश कुमार 77.8%, आलोक कुशवाहा 77.6%, सेजल दिवाकर 77.6%, साहिल साहू 76.6%, जगेन्द्र सिंह 76.1%, अनिकेत मौर्या 76.3%, नगेन्द्र सिंह 75.8%, सत्यम सिंह 75.3%, सौरभ मौर्या 77.3%, अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इण्टरमीडिएट में टापर्स छात्र / छात्राओं के नाम जगदम्बा गौतम 76. 4%, पायल गुप्ता 76%, अंजलि सिंह 75 2%, केशव केशरवानी 75. 8%, निधि मिश्रा 74.8%, अमित कुमार 73.8%, सिमरन 73. 4%, प्रभाकर सिंह पटेल 72.6%, इत्यादि लोगों ने बेहतर परीक्षा परिणाम लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

अग्नि-पथ योजना : डीएम-एसपी ने अधिकारियों एवं सेवानिवृत्त सैन्य कर्मचारी के साथ की बैठक

अग्नि पथ योजना के सन्दर्भ में जनपद में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के डीएम ने दिए निर्देश

अखंड भारत संदेश

अग्निपथ की बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते डीएम एसपी

कौशाम्बी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा द्वारा उदयन सभागार में अग्नि-पथ योजना के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों एवं सेवानिवृत्त सैन्य कर्मचारीगणों के साथ बैठक की गयी बैठक में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सेवानिवृत्त सैन्य कर्मचारीगणों से अग्नि-पथ योजना के सन्दर्भ में जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करने पर बताया गया कि वे लोग सेना भर्ती की तैयारी करने वाले युवाओं के सम्पर्क में रहते हैं तथा योजना के बारे में युवाओं को समझाया भी गया है किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना नहीं होने पायेंगी उन्होंने बताया कि जनपद में सिद्धि विनायक फिजिकल एकैडमी भरवारी में सेना भर्ती की तैयारी करायी जाती है जिलाधिकारी ने सेवानिवृत्त सैन्य कर्मचारीगणों से कहा कि वे सेना भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं की काउन्सिलिंग करें तथा शान्ति एवं कानून व्यवस्था के सम्बन्ध में कोई संदिग्ध स्थिति पता चलें तो तत्काल एसडीएम या पुलिस अधीक्षक या उन्हें अवगत करायें जिससे आवश्यक कार्यवाही की जा सकें उन्होंने उप जिलाधिकारी चायल एवं क्षेत्राधिकारी चायल को सिद्धि विनायक फिजिकल एकैडमी का निरीक्षण कर युवाओं की काउन्सिलिंग करने के निर्देश दिये इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर एवं जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

स्काउट और गाइड का प्रशिक्षण शिविर हुआ संपन्न

पांच दिवसीय डीएलएड छात्राध्यापक छात्रा अध्यापिकाओं का स्पेशल इंट्रोडक्टरी कोर्स का प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

स्काउट खेल में मौजूद छात्राएं

कौशाम्बी। मधु वाचस्पति इंस्टिट्यूट आफ टीचर एजुकेशन रसूलाबाद ऊर्फ कोइलहा पुरामुफ्ती में स्काउट और गाइड का पांच दिवसीय डी.एल.एड. छात्राध्यापक छात्रा अध्यापिकाओ का स्पेशल इंट्रोडक्टरी कोर्स का प्रशिक्षण शिविर 17 जून को संपन्न हुआ।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कमलेश द्विवेदी सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड प्रयागराज मंडल प्रयागराज रहे जिला संगठन कमिश्नर श्याम बाबू यादव ने मुख्य अतिथि को स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया इस अवसर पर मुख्य अतिथि कमलेश द्विवेदी ने कहा स्काउट गाइड एक ऐसी शिक्षा है जो बच्चों को शारीरिक मानसिक एवं बौद्धिक विकास करता है इसी के साथ स्काउट गाइड द्वारा लगाए गए तंबू और बिना बर्तन का बनाए गए भोजन का अवलोकन करते हुए मधु वाचस्पति इंस्टीट्यूट आफ टीचर एजुकेशन के प्राचार्य डॉ महेंद्र नाथ पाठक ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से कार्यकुशलता एवं व्यक्तित्व का विकास होता है एक साथ मिलकर कार्य करने की भावना जागृत होती है डीएलएड प्रभारी डॉ जया त्रिपाठी ने कहा कि यह प्रशिक्षण छात्र-छात्राओं में परिस्थिति के अनुसार कार्य करने की कला विकसित करेगा तथा समाज सेवा एवं सामूहिकता की भावना पैदा करेगा जिला मुख्यालय से आए प्रशिक्षक शिविर संचालक जिला संगठन कमिश्नर श्याम बाबू यादव एवं ट्रेनिंग काउंसलर वंदना कुशवाहा ने प्रतिभागियों को टेंट, गेट, गैजेट, खुले आसमान के नीचे बिना बर्तन के भोजन बनाना, गांठे,बंधन ,प्राथमिक सहायता, खोज के चिन्ह बाया हाथ मिलाना ,ध्वज शिष्टाचार आदि की जानकारी दी प्रतिभागियों द्वारा संस्कृत कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया अंत में ध्वज अवतरण कर और राष्ट्रगान के साथ शिविर का समापन किया गया इस अवसर नासिर जफर, नीलू यादव, श्रेया, खुशबू, प्रगति ,शालिनी, रितु, प्रियंका, काजल ,महिमा ,नीलू, हेमंत, राजकुमार ,बृजेंद्र सिंह, अजीत ,अभिषेक आदि ने प्रतिभाग किया।

सिपाही की मौत के बाद घटनास्थल पर मौजूद पुलिस

बीमारी से तंग सस्पेंडेड पुलिस कर्मी ने ट्रेन से कटकर दी जान

अझुवा कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के कनवार गांव के अधेड़ ने ट्रेन से कटकर अपनी जान दे दी है जानकारी अनुसार धनराज सोनकर उम्र 52 वर्ष पुत्र स्व. गोपी लाल निवासीग्राम सभा कनवार मजरे मेड़ीपुर ने आज दिल्ली हावड़ा रेलमार्ग के अप लाइन पर अपने गांव के पास ट्रेन से कटकर जान दे दी है परिजनों के अनुसार मृतक अधेड़ पुलिस लाइन रायबरेली में कार्यरत था पिछले 3 वर्षों से अधिक समय से कैंसर नामक भयावह बीमारी से पीड़ित था मृतक पुलिस विभाग से सस्पेंडेड भी था परिजन 3 दिन पहले मृतक का इलाज करवाकर घर लाये थे बीमारी से निजात पाने के लिए उसने अपनी जान दी है मृतक के 3 बच्चे हैं जिनमे 2 प्रयागराज और एक घर मे साथ रहता है परिजनों में कोहराम मचा है सूचना पर पहुंची अझुवा चौकी पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

डीएम से शिकायत करते ग्रामीण

रास्ता बंद कर सरकारी भूमि पर कब्जे की डीएम से शिकायत

कौशांबी। मंझनपुर तहसील क्षेत्र के पूरब पश्चिम शरीरा नगर पंचायत के दर्जनों ग्रामीणों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर गांव के भूमाफिया दबंग रोहित मिश्रा अंगद पांडे शशिकांत पांडे आदि पर आरोप लगाते हुए कहा है कि नगर पंचायत नऊवन तारा मोहल्ला वार्ड नंबर 10 के रास्ते को बंद करके सरकारी भूमि एवं रास्ते पर अवैध तरीके से कब्जा करके दबंग निर्माण कर रहे हैं जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि दबंगों के रास्ता बंद कर देने से दलित बस्ती के आम जनता को आवागमन में दिक्कत होगी और खेत की मेड़ों से आने जाने के लिए आम जनता मजबूर होगी शिकायत कताओं का कहना है कि दबंगों को जब रास्ता बंद करने से मना किया गया तो वह जातिसूचक शब्दों से अपमानित करते हुए गाली गलौज और मारपीट करते हैं शिकायत कताओं ने बताया कि वह पश्चिम शरीरा थाने भी गए थे लेकिन थानेदार ने उनकी एक नहीं सुनी है उल्टा पुलिस वाले दबंगों से सांठगांठ कर दलित शिकायत कताओं को प्रताड़ित कर शिकायत न करने का दबाव बना रहे हैं राजस्व लेखपाल पर भी ग्रामीणों ने भू माफियाओं से संलिप्तता का आरोप लगाते हुए उस पर कार्यवाही की मांग की है ग्रामीणों की शिकायत पर जिलाधिकारी ने मंझनपुर एसडीएम को कार्यवाही का निर्देश दिया है।

संपादकीय

मिशन अग्निपथ पर आंदोलनजीवियों का कहर

सरकार की गलत नीतियों का शांतिपूर्ण विरोध करना विपक्ष का अधिकार है। मगर विगत आठ वर्ष में सरकार का नकारात्मक विरोध ही होता रहा है। इससे अंततः विपक्ष की ही प्रतिष्ठा धूमिल होती है। ऐसा लगता है कि विपक्षी पार्टियों की अपनी कोई नीति ही नहीं है। उसके नेता आंदोलनजीवियों का ही मनोबल बढ़ाते हैं। फिर उनकी लगाई आग में सियासी रोटी सेंकने का प्रयास करते हैं। अग्निपथ योजना के विरोध में भी ऐसा ही आंदोलन शुरू हुआ है। इसका विरोध वही लोग कर रहे हैं, जिनमें आत्मानुशासन और आत्मविश्वास का अभाव है। चार वर्ष की सेवा के बाद भी रोजगार के अवसर समाप्त नहीं होंगे।अभ्यर्थी अर्थिक रूप से भी स्वावलंबी होंगे। सेना में चार वर्ष की सेवा जीवनशैली को बदल देगी। समाज और देश को देखने का नजरिया ही बदल जाएगा। इसके बाद वह जहां भी कार्य करेंगे, वह औरों से अलग दिखाई देगा। तब वह किसी आंदोलनजीवियों के इशारे पर राष्ट्रीय संपत्ति को आग के हवाले नहीं करेंगे। फिलहाल वर्तमान सरकार के प्रत्येक कदम पर उपद्रव और हंगामा करने वाले एक बार फिर सक्रिय हैं। विगत आठ वर्षों के दौरान विकास के अनगिनत कीर्तिमान स्थापित हुए। सैकड़ों लोक कल्याणकारी योजनाओं से जन सामान्य को लाभान्वित किया गया। रक्षा सहित अनेक क्षेत्रों में आत्मनिर्भर भारत अभियान संचालित है। इसके उल्लेखनीय प्रमाण मिल रहे हैं। दशकों से लंबित लाखों करोड़ रुपये की परियोजनाओं को इस अवधि में पूरा किया गया। वन रैंक वन पेंशन की मांग चार दशकों से लंबित थी। वर्तमान सरकार ने इसे लागू किया । यूपीए सरकार के समय से सैन्य कमांडर राफेल लडाकू विमान सहित अनेक अस्त्र शस्त्रों को भारतीय सेना के लिए अपरिहार्य बता रहे थे। क्योंकि चीन अपनी सामरिक शक्ति लगातर बढ़ा रहा था। इस ओर भी वर्तमान सरकार ने ध्यान दिया।लंबित रक्षा सौदों का क्रियान्वयन हुआ। इसके साथ ही स्वदेशी रक्षा उत्पाद का नया अध्याय शुरू हुआ। आज भारत पचहत्तर देशों को रक्षा सामग्री का निर्यात कर रहा है। सीमा क्षेत्र में अभूतपूर्व निर्माण कार्य किए गए। कोई भी सरकार देश के सभी युवाओं को सरकारी नौकरियां नहीं दे सकती। इसको ध्यान में रखते हुए स्वरोजगार की अनेक योजनाएं लागू की गई। अग्निवीरों में से पच्चीस प्रतिशत को सेना की सुव्यवस्थित सेवा में समायोजित करने की बात महत्वपूर्ण है। शेष युवाओं को अर्धसैनिक बल,असम राइफल्स आदि में प्राथमिकता के आधार पर समायोजित किया जाएगा।स्वरोजगार के लिए सरकार उनको प्राथमिकता के आधार पर ऋण उपलब्ध कराएगी। आंदोलनजीवियों को बताना चाहिए कि 17 से 21 आयु वर्ग के युवा कौन सी नौकरी कर सकते है। अग्निपथ योजना के तहत भारतीय युवाओं को अग्निवीर के रूप में चार साल के लिए सशस्त्र सेवाओं में शामिल होने का मौका दिया जाएगा। सेनाओं की ट्रेनिंग देने के बाद इन्हें पाकिस्तान-चीन सीमा पर तैनात किया जाएगा। सशस्त्र सेनाओं से निकलने के बाद इन 'अग्निवीरों' को केंद्र सरकार के मंत्रालयों और राज्य सरकारों की नौकरियों में प्राथमिकता दी जायेगी। रक्षा मंत्रालय की यह स्कीम युवाओं को देशसेवा का मौका देने के साथ ही उन्हें तकनीकी तौर पर भी सुधारने में मदद करेगी। इस योजना से विभिन्न क्षेत्रों में नए कौशल के साथ रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। 'अग्निपथ' योजना के तहत सशस्त्र बलों का युवा प्रोफाइल तैयार करने का प्रयास किया जा रहा है। अन्य देशों के मॉडल का अध्ययन किया गया।

पाक में सातवें आसमान पर महंगाई

संजीव ठाकुर

पाकिस्तान में इमरान सरकार के अपदस्थ होने के बाद शाहबाज शरीफ के प्रधानमंत्री बनते ही 24 दिनों में पेट्रोल डीजल की कीमत ?84 बढ़कर आंकी गई है। अब पाकिस्तान में पेट्रोल की कीमत ?233 और डीजल 263 तथा केरोसिन मैं 29 की वृद्धि कर उसकी कीमत 211 हो गई है। पाकिस्तान के वित्त मंत्री इस्माइल ने 15 जून की रात्रि में बढ़ी हुई कीमतों की घोषणा कर दी है,जनता त्राहि-त्राहि कर रही है इसके अलावा पाकिस्तान की योजना मंत्री एहसान इकबाल ने आवाम को कम चाय पीने की सलाह भी दे दी है जिससे पाकिस्तानी मीडिया और आम जनता नए शहबाज शरीफ मंत्रिमंडल के पूरी तरह खिलाफ हो गई है। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान में चाय की खपत बहुत ज्यादा है एवं पाकिस्तान में चाय को आयात करना पड़ता है पाकिस्तान हर साल $50 करोड़ डॉलर की चाय आयात करता है। यदि चाय काम आएगी तो आयात पर बोझ कम होने की गुंजाइश बनती है। पाकिस्तान की सरकार का कहना है की पेट्रोल डीजल पर 120 अरब रुपए की की सब्सिडी दी जा रही है और इसका सरकार घाटा उठा रही है। पेट्रोल डीजल की कीमतें बढ़ने से जो राजस्व सरकार को प्राप्त होगा वह इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड से लिए गए कर्ज की अदायगी के काम आने वाला है। इसी तरह बिजली के बिलों में प्रति यूनिट 13 की वृद्धि की गई जिससे आम जनता की कमर ही टूट गई है। पाकिस्तान में पिछले 24 माह से सबसे ज्यादा महंगाई 13% आंकी गई है पर वास्तव में यह महंगाई 44% हो गई है।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हाल ही में तेल की बढ़ी कीमतों की वजह से महंगाई जबरदस्त तरीके से विस्फोट कर रही है' पाकिस्तान में बढ़ती महंगाई के लिए शहबाज शरीफ और उनकी कैबिनेट के तमाम मंत्री जिम्मेदार हैं। पाकिस्तान में महंगाई एक बार फिर सातवें आसमान पर पहुंच गई है, और इसके कारण वहां की जनता को अपने रोजमर्रा के खर्चों को पूरा करने में काफी परेशानी हो रही है' पाकिस्तानी ब्यूरो ऑफ स्टैटिसटिक्स के ताजा आंकड़ों के अनुसार महंगाई दर 13फीसद से बढ़कर44 % हो गई है जो पिछले 24 माह में सर्वाधिक ऊंचाई पर है' पाकिस्तान के प्रमुख अखबार द डॉन की खबर के अनुसार आंकड़ों से पता चलता है कि देश में महंगाई की दर कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स के हिसाब से महंगाई की दर पिछले 25 सालों में सबसे ज्यादा आंकी गई है।

पिता संस्कारदाता ही नहीं, जीवन-निर्माता भी है

ललित गर्ग

जून महीने के तीसरे रविवार को अंतर्राष्ट्रीय पिता दिवस यानी फादर्स डे मनाया जाता है। इस साल 19 जून 2022 को भारत समेत विश्वभर में यह दिवस मनाया जायेगा। पिता दिवस की शुरूआत बीसवीं सदी के प्रारंभ में पिताधर्म तथा पुरुषों द्वारा परवरिश का सम्मान करने के लिये मातृ-दिवस के पूरक उत्सव के रूप में हुई। यह हमारे पूर्वजों की स्मृति और उनके सम्मान में भी मनाया जाता है। दुनिया के अलग-अलग देशों में अलग-अलग दिन और विविध परंपराओं के कारण उत्साह एवं उमंग से यह दिवस मनाया जाता है। हिन्दू परंपरा के मुताबिक पितृ दिवस भाद्रपद महीने की सर्वपितृ अमावस्या के दिन होता है। पिता एक ऐसा शब्द जिसके बिना किसी के जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। एक ऐसा पवित्र रिश्ता जिसकी तुलना किसी और रिश्ते से नहीं हो सकती। बचपन में जब कोई बच्चा चलना सीखता है तो सबसे पहले अपने पिता की उंगली थामता है। नन्हा-सा बच्चा पिता की उँगली थामे और उसकी बाँहों में रहकर बहुत सुकून पाता है। बोलने के साथ ही बच्चे जिद करना शुरू कर देते हैं और पिता उनकी सभी जिदों को पूरा करते हैं। बचपन में चॉकलेट, खिलौने दिलाने से लेकर युवावर्ग तक बाइक, कार, लैपटॉप और उच्च शिक्षा के लिए विदेश भेजने तक संतान की सभी माँगों को वो पूरा करते रहते हैं लेकिन एक समय ऐसा आता है जब भागदौड़ भरी इस जिंदगी में बच्चों के पास अपने पिता के लिए समय नहीं मिल पाता है। इसी को ध्यान में रखकर पितृ दिवस मनाने की परंपरा का आरम्भ हुआ।

सोनेरा डोड जब नन्ही-सी थी, तभी उनकी मां का देहांत हो गया। पिता विलियम स्मार्ट ने सोनेरो के जीवन में मां की कमी नहीं महसूस होने दी और उसे मां का भी प्यार दिया। एक दिन यूं ही सोनेरा के दिल में ख्याल आया कि आखिर एक दिन पिता के नाम क्यों नहीं हो सकता? इस तरह 19 जून 1910 को पहली बार फादर्स डे मनाया गया। कई महीने पहले 6 दिसम्बर 1907 को मोनोंगाह, पश्चिम वर्जीनिया में एक खान दुर्घटना में मारे गए 210 पिताओं के सम्मान में इस विशेष दिवस का आयोजन श्रीमती ग्रेस गोल्डन क्लेटन ने किया था। प्रथम फादर्स डे चर्च आज भी सेन्ट्रल यूनाइटेड मेथोडिस्ट चर्च के नाम से फेयरमोंट में मौजूद है।

मानवीय रिश्तों में दुनिया में सबसे बड़ा स्थान मां को दिया जाता है, लेकिन एक बच्चे को बड़ा और सभ्य बनाने में उसके पिता का योगदान कम करके नहीं आंका जा सकता। बच्चे को जब कोई खरोंच लग जाती है तो जितना दर्द एक मां महसूस करती है, वही दर्द एक पिता भी महसूस करते हैं। पिता बेटा की चोट देख कर कठोर इसलिये बना रहता है ताकि वह जीवन की समस्याओं से लड़ने का पाठ सीखे, सख्त एवं निडर बनकर जिंदगी की तकलीफों का सामना करने में सक्षम हो। माँ ममता का सागर है पर पिता उसका किनारा है। माँ से ही बनता घर है पर पिता घर का सहारा है। माँ से स्वर्ग है माँ से बैकुंठ, माँ से ही चारों धाम है पर इन सब का द्वार तो पिता ही है। उन्हीं पिता के सम्मान में पितृ दिवस मनाया जाता है। आधुनिक समाज में पिता-पुत्र के संबंधों की संस्कृति को जीवंत बनाने की अपेक्षा है। कुछ दशक पूर्व के पिताओं ने अपनी भूमिका में एक क्रांति लाई। इसके साथ ही एकल परिवार, शहरीकरण, रोजगार, आधुनिकता, बदलता साहित्य, सिनेमा ने भी उस पिता के आचरण में एक बदलाव लाया। वर्तमान समय के पिता का रूप काफी बदल गया है। पिता बनना आज सिर्फ एक जैविक क्रिया न होकर एक सामाजिक क्रिया भी हो चुकी है। एकल मां की तरह अब समाज में एकल पिता का भी विचार आ चुका है। अब एकल पिता अपने बच्चों का न केवल ख्याल रखते हैं बल्कि उन्हें मां की कमी महसूस नहीं होने देते हैं। गे पिता भी अब समाज में अपनी जगह बनाने लगे हैं। ये पिता भले जैविक पिता नहीं हो सकते लेकिन भावनाओं की अभिवयक्ति में ये जैविक पिताओं से थोड़े भी उन्नीस नहीं हैं।

आधुनिक पिताओं की भूमिका में काफी बदलाव आया है, अब वे अपने बच्चों को दूध पिलाने से लेकर उसके डायपर, नैपी तक बदल रहे हैं वो भी पूरी खुशी, प्रतिष्ठा और सम्मान के साथ। कुछ तो समाज की नई बयार ने भी मदद की है जिसमें पति पत्नी दोनों कामकाजी हैं। आज बच्चे अपने पिताओं से भी बहुत दोस्ताना संबंध बनाने लगे हैं क्योकि ये आधुनिक पिता बहुत लोकतान्त्रिक एवं संवेदनात्मक व्यवहार वाले हैं। यह बच्चों पर दबाव नहीं बनाते। बच्चों का भविष्य अच्छा वही सोच सकते हैं, इस बात पर बच्चों का शोषण नहीं करते। यदि बेटियों ने भी खुद की मर्जी से विवाह, शिक्षा या व्यवसाय चुनने की बात की तो गंभीरता से विचार करते हैं न कि उनका ऑनर कीलिंग कर देते हैं। सबसे ध्यान देने की बात कि आज के कई पिता एकल बालिका शिशु के अभिभावक बनने में भी गर्व महसूस करते हैं। उन्हें वंश बनाने और बढ़ाने के लिए बालक शिशु को प्रधानता देने का कोई कारण नजर नहीं आता। एक शिल्पकार प्रतिमा बनाने के लिए जैसे पत्थर को कहीं काटता है, कहीं छांटता है, कहीं तल को चिकना करता है, कहीं तराशता है तथा कहीं आवृत को अनावृत करता है, वैसे ही मेरे पूज्य पिताश्री रामस्वरूपजी गर्ग ने मेरे व्यक्तित्व को तराशकर उसे महनीय और सुघड़ रूप प्रदान किया। आज वे देह से विदेह होकर भी हर पल मेरे साथ प्रेरणा के रूप में, शक्ति के रूप में, संस्कार के रूप में रहते हैं। हर पिता अपने पुत्र की निषेधात्मक और दुष्प्रवृत्तियों को समाप्त करके नया जीवन प्रदान करता है। पिता हर संतान के लिए एक प्रेरणा हैं, एक प्रकाश हैं और संवेदनाओं के पुंज हैं। मेरे लिये मेरे पिता देवतुल्य एवं गहन आध्यात्मिक-धार्मिक जीवट वाले व्यक्तित्व थे। उनकी जैसी सादगी, उनकी जैसी सरलता, उनकी जैसा समर्पण, उनकी जैसी धार्मिकता, उनकी जैसी पारिवारिक नेतृत्वशीलता और उनकी जैसी संवेदनशीलता को जीना दुर्लभ है। उन्होंने परिवार एवं समाज को समृद्धशाली और शक्तिशाली बनाने की दृष्टि से उल्लेखनीय कार्य किया। मेरे लिये तो वे आज भी दिव्य ऊर्जा के केन्द्र हैं। पिता आंसुओं और मुस्कान का एक समुच्चय है, जो बेटे के दुख में रोता तो सुख में हंसता है। उसे आसमान छूता देख अपने को कद्दावर मानता है तो राह भटकते देख अपनी किस्मत की बुरी लकीरों को कोसता है। पिता गंगोत्री की वह बूंद है जो गंगा सागर तक एक-एक तट, एक-एक घाट को पवित्र करने के लिए धोता रहता है। पिता वह आग है जो घड़े को पकाता है, लेकिन जलाता नहीं जरा भी। वह ऐसी चिंगारी है जो जरूरत के वक्त बेटे को शोले में तब्दील करता है। वह ऐसा सूरज है, जो सुबह पक्षियों के कलरव के साथ धरती पर हलचल शुरू करता है, दोपहर में तपता है और शाम को धीरे से चांद को लिए रास्ता छोड़ देता है। पिता वह पूनम का चांद है जो बच्चे के बचपने में रहता है, तो धीरे-धीरे घटता हुआ क्रमशः अमावस का हो जाता है। पिता समंदर के जैसा भी है, जिसकी सतह पर असंख्य लहरें खेलती हैं, तो जिसकी गहराई में खामोशी ही खामोशी है। वह चखने में भले खारा लगे, लेकिन जब बारिश बन खेतों में आता है तो मीठे से मीठा हो जाता है । पिता! का स्नेह और अपनापन के तेज और स्पर्श को शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता है, उसे सिर्फ महसूस किया जा सकता है। वह विलक्षण, साहस और संस्कारदाता होता है। जो समस्त परिवार को आदर्श संस्कार ही नहीं देता, बल्कि जीवन निर्वाह के साधन उपलब्ध कराता है। उनके दिए गए संस्कार ही संतान की मूल थाती होती है। इसीलिये पिता के चरणों में भी स्वर्ग एवं सर्व कहा गया है। क्योंकि वे हर क्षण परिवार एवं संतान के लिए छाया की भांति एक बड़ा सहारा बनते हैं और उनका रक्षा कवच परिवारजनों के जीवन को अनेक संकटों से बचाता है। आज हमें ऐसे पिताओं की जरूरत नहीं जो वर्चस्व स्थापित करके पत्नी एवं बच्चों पर आधिपत्य जमाते हैं बल्कि ऐसे पिताओं की आवश्यकता है जो उनके विचारों और इच्छाओं को न केवल प्रमुखता देते हैं बल्कि उनके सपनों को उड़ान भरने की ताकत भी देते हैं। जीवन में जब भी निर्माण की आवाज उठेगी, पौरुष की मशाल जगेगी, सत्य की आंख खुलेगी तब हम, हमारा वो सब कुछ जिससे हम जुड़े होंगे, वो सब पिता का कीमती तौहफा होगा, इस अहसास को जीवंत करके ही हमें पिता-दिवस को मनाने की सार्थकता पा सकेंगे।

इंटरनेट युग में पुस्तकों को पढ़ना न भूलें...!

सुनील कुमार महला

आज का युग डिजीटल युग है, इंटरनेट का युग है। हर कहीं इंटरनेट का मकड़जाल फैला हुआ है। इस इंटरनेट के मकड़जाल ने आज युवाओं को पुस्तकों से दूर कर दिया है। युवा वर्ग आज इंटरनेट में इस कदर खोया हुआ है कि उसके पास पुस्तकें पढ़ने के लिए समय ही नहीं है। हमें पुस्तकें पढ़नी चाहिए क्योंकि पुस्तकें ज्ञान का भण्डार है। पुस्तकें हमें जीवन जीना सिखाती हैं और दुष्ट वृत्तियों से हमारी सुरक्षा करती हैं।इनमें लेखकों के जीवन भर के अनुभव भरे रहते हैं, और अनुभव हमें जीवन जीना सिखाते हैं। अच्छी पुस्तकें पास होने पर किसी को भी मित्रों की कमी नहीं खटकती है, क्योंकि पुस्तकें व्यक्ति की सबसे अच्छी मित्र होतीं हैं। किसी भी पुस्तक का अध्ययन मनन और चिंतन कर उनसे तत्काल लाभ प्राप्त किया जा सकता है, लेकिन यह विडंबना ही है कि आज युवा पीढ़ी का पुस्तकें पढ़ने से मोह भंग होता चला जा रहा है। लेकिन युवा पीढ़ी को यह नहीं भूलना चाहिए कि आम आदमी के विकास के लिए जरूरी शिक्षा और साक्षरता का एकमात्र साधन किताबें ही हैं। आज संचार क्रांति ने पुस्तकों से उसके पाठक छीन लिये है, ऐसे में हमारे कंधो पर बड़ी चुनौती है। हमें युवा पीढ़ी को पुस्तकें पढ़ने के लिए प्रेरित व प्रोत्साहित करना होगा, क्यों कि कोई भी पुस्तक ज्ञान का अकूत भंडार ही नहीं हमारी सच्ची मित्र भी होती हैं । पुस्तकों में वह सबकुछ है, जिसकी मानव को जरूरत होती है। पुस्तक के बगैर ज्ञान की कल्पना नहीं की जा सकती है। ये हमें ज्ञान प्रदान करती हैं, हमें शिक्षा देती हैं ।आज महात्मा गांधी,स्वामी विवेकानंद, भगतसिंह तथा महात्मा बुद्ध जैसे महान व्यक्तित्वों के सिद्धांतों को पुस्तकों के माध्यम से ही जाना जा रहा है। कहानियों के जरिये बच्चे बहुत सी नई चीजों को सीखते हैं। लेकिन समय के साथ पुस्तकों का अध्ययन कम हो गया है । पुस्तकें हमारे ज्ञान की भूख को मिटाती है। किताबें संसार को बदलने, जीवन को बदलने, उसमें आमूल चूल परिवर्तन लाने का अहम साधन रही हैं। ये पुस्तकें ही हैं जो जीवन में हमारा सही मार्गदर्शन कराती हैं, देखा जाए तो पुस्तकें ही हमारे एकान्त की सहचारी हैं। वे हमारी मित्र हैं जो बदले में हम से कुछ नहीं चाहती। वे साहस और धैर्य, संयम प्रदान करती हैं।अन्धकार में हमारा मार्ग दर्शन कराती हैं, हमें जीवन की नयी राहें दिखातीं हैं। पुस्तकों ने हमेशा हमेशा से एक मित्र और मार्गदर्शक की भांति सदा हमारा साथ निभाया है, लेकिन अब इंटरनेट के प्रति बढ़ती दिलचस्पी के कारण पुस्तकों से लोगों की दूरी बढ़ती जा रही है। आज हर व्यक्ति व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, ट्विटर, फेसबुक पर व्यस्त है, कोई भी पुस्तकों के हाथ तक नहीं लगाना चाहता। पुस्तकालयों में पुस्तकें आलमारियों में सजी पड़ी रहती है लेकिन विरले ही कोई इन्हें पढ़ता है। सच तो यह है कि आज पुस्तकों के बजाय इंटरनेट हमारा साथी बन बैठा है। हम पुस्तकें पढ़ने में खुद को ऊबाऊ महसूस करते हैं लेकिन इंटरनेट का उपयोग करते हैं तो हमें किसी भी प्रकार की थकावट व ऊबाऊपन महसूस नहीं होता। लेकिन हमें यह याद रखना चाहिए कि पुस्तकों के आ जाने के बाद ज्ञान के आदान-प्रदान में क्रांति आई है, जो की मानव विकास के लिये बहुत ही निर्णायक साबित हुई है। हमें पुस्तकों की ओर पुनः लौटना होगा। हमने समय के साथ साथ पुस्तकों के व्यावहारिक, शिक्षाप्रद, मनोरंजक और बहुमुखी ज्ञान से अपनी दूरी बना ली है। हमारे पास पुस्तकें पढ़ने का समय ही नहीं है। पहले लोग लाइब्रेरी में जाते थे, घंटों घंटों अध्ययन करते थे, पुस्तकें इश्यू करवाते थे लेकिन अब समय के साथ न तो वाचनालय रहे हैं और न ही पुस्तक प्रेमी और न ही पहले की भांति पुस्तकालय, लेकिन पुस्तकालय ही वास्तव में हमारे ज्ञानार्जन का एक प्रमुख स्त्रोत है। एक प्रकार से पुस्तकालय हमारे राष्ट्र की अनुपम धरोहर है। हमें इंटरनेट के युग में यह कदापि नहीं भूलना चाहिए कि पुस्तकों में वह शक्ति हैं जो मनुष्य को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाती है, जीवन की राहों के कांटों को दूर करती हैं तथा कठिन से कठिन समस्याओं के हल के लिए बल प्रदान करती है, हमें साहस से परिपूर्ण करती हैं, हमारे आत्मबल को बढ़ाती हैं, हमें संबल प्रदान करतीं हैं। जिस व्यक्ति को पुस्तकों से लगाव है वह स्वयं को कभी कमजोर अनुभव नहीं कर सकता है। हम कह सकते हैं कि पुस्तकें मनुष्य के आत्मबल का सर्वश्रेष्ठ साधन है। मनुष्य के ज्ञानार्जन एवं बुद्धि के विकास के लिए पुस्तकों का अध्ययन अत्यंत आवश्यक हैं। बताता चलूँ कि हमारी सृष्टि की उत्पत्ति का आधार ग्रंथ ही रहे हैं। कहते हैं कि शब्द गुरु होते हैं और शब्द पुस्तकों में ही निहित होते हैं। पुस्तकें पढ़ना, पढ़ाना हमारे भारत की परंपरा हैं, यह हमारी संस्कृति हैं। लेकिन आज तकनीक ने या यूं कहें कि इंटरनेट के युग के कारण रीडिंग हैबिट की कमी हो गई है। पाठकों की आज कमी हो गई है। पुस्तकें हमें मनोरंजन भी प्रदान करती हैं लेकिन आज इंटरनेट पर मनोरंजन के बहुत विकल्प हैं, इंटरनेट पुस्तक का विकल्प कभी भी नहीं हो सकता है। यह ठीक है कि इसके माध्यम से कुछ और जानकारियों का इजाफा जरूर हुआ है। तकनीक के आने से हमारी जरूरतें सुविधाजनक हो गई हैं, लेकिन बच्चों की कल्पनाशक्ति को विस्तार आज भी पुस्तकें ही देती हैं। यह सुविधा और विकल्प इंटरनेट नहीं दे सकता है, तभी तो कहा गया है कि पुस्तकों का महत्त्व सदा से रहा है। आज स्कूल और कॉलेज में पुस्तक लाइब्रेरी जरूर है मगर उसमें जाने का समय विद्यार्थी के पास नहीं है। स्कूलों में आज भी पुस्तक पढ़ने अथवा पुस्तकालय का कोई पीरियड नहीं होता। हमें यह बात हमेशा याद रखनी चाहिए कि किताबों का हमेशा से अपना वजूद रहा है और हमेशा रहेगा,किताबों का स्थान कोई भी नहीं ले सकता है, इंटरनेट भी नहीं। भौतिक रूप से एक पुस्तक पढ़ने का जो आनंद व मजा है वह मजा किसी पुस्तक को इंटरनेट पर पढ़ने में नहीं है। एक समय था जब किताबें मानव के मनोरंजन के साथ झ्र साथ ज्ञान, शिक्षा का भंडार और संस्कृति का संवाहक मानी जाती थी। किताबों में भविष्य है, पहले बच्चों से लेकर बूढ़े तक अपनी-अपनी रुचि के अनुसार किताबें पढ़ते थे। आज ऐसा नहीं है और पाठकों की निरन्तर हो रही कमी के बीच भी लेखक और साहित्यकार खूब लिख रहे हैं, किताबें छप रही हैं, लेकिन चिंता का विषय यह है कि पुस्तकों को बाजार नहीं मिल रहा है, पाठक नहीं मिल रहे हैं और ये किसी पुस्तकालय की शोभा मात्र बन कर रह जाती हैं। इंटरनेट की आंधी में पुस्तकों को बिसराया जा रहा है लेकिन पुस्तकों का महत्व फिर भी कभी भी कम नहीं हो सकता है। दूसरे शब्दों में, कोई भी तकनीक या इंटरनेट-क्रांति पुस्तक की उपयोगिता या महत्व को कम नहीं कर सकती हैं। पुस्तकें ज्ञान की सुरक्षा, संरक्षा, सृजन और परिमार्जन में भी प्रमुख भूमिका निभाती आईं हैं। मानव के कार्य, विचार , ज्ञान, समाज और संस्कृति के विकास में योगदान को पुस्तकें सुरक्षित रखती हैं। इसलिए मानव को पुस्तकों की ओर मुड़ना होगा। पुस्तकों में जीवन दर्शन छिपा हुआ है। यह विडंबना ही है कि जिन पुस्तकों में जीवन दर्शन छिपा हुआ है, अध्यापक,अभिभावक, माता-पिता भी बच्चों को उन पुस्तकों या सद साहित्य को पढ़ने संबंधी कोई जानकारी बच्चों को आज नहीं देते हैं। शायद यही कारण है कि इन्टरनेट के इस युग में हम पुस्तकों को पढ़ना भूल गए हैं। आज पढ़ने का मतलब इस संचार क्रांति में इन्टरनेट मात्र ही रह गया है। आज के युवा व्हाट्सएप, ट्विटर, इंस्टाग्राम, फेसबुक पर चैटिंग करते मिल जायेंगे। यू ट्यूब का प्रयोग करते मिल जायेंगे, लेकिन पुस्तकों को पढ़ने में उनकी कोई रूचि नहीं है।

अग्निपथ की आग में झुलसा भारत "अर्थी दो या भर्ती दो"

अशोक कुमार निर्भय

अग्निपथ की आग में झुलसा भारत "अर्थी दो या भर्ती दो" के नारे ने पीएम मोदी का विजयपथ रोक दिया। केंद्र की मोदी नीत सरकार की महत्वपूर्ण योजना अग्निपथ के खिलाफ बिहार से शुरू हुआ विरोध-प्रदर्शन अब तक दिल्ली समेत हरियाणा, हिमाचल प्रदेश,उत्तर प्रदेश, राजस्थान,मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और केरल जैसे सात राज्यों में पहुंच गया है। बिहार के अलावा यूपी, हरियाणा, उत्तराखंड और राजस्थान से भी सेना में भर्ती की वर्षों से तैयारी कर रहे युवाओं के उग्र प्रदर्शन की खबरें सामने आ रही है। मोटे तौर पर सेना में केवल चार सालों की भर्ती योजना को लेकर छात्रों में खासा आक्रोश है। ये अग्निपथ योजना के विरोध में प्रदर्शन कई शहरों में फैल गया और मुख्य तौर पर रेलवे की संपत्ति को निशाना बनाया जा रहा है। प्रदर्शन की वजह से रेलवे ने 22 ट्रेनें कैंसिल कर दी हैं और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिहार में बीजेपी नेताओं और उनके ऑफिस को भी निशाना बनाया जा रहा है। बिहार समेत अन्य राज्यों में भाजपा के नेता मुँह छुपाए घूम रहे हैं। दिल्ली के आईटीओ में युवाओं ने अग्निपथ योजना के खिलाफ युवाओं ने जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान करीब 25 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया है। पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र में युवा सडकों पर उतर कर इस योजना ने विरोध में जमकर प्रदर्शन कर रहे हैं। अग्निपथ योजना के विरोध में वाराणसी में शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक प्रदर्शन लगातार हो रहा है। कल कैंट स्टेशन के बाहर युवकों ने सवारी वाहनों के शीशे तोड़े और प्रदर्शन शुरू किया। साथ ही इंग्लिशिया लाइन, कैंट स्टेशन के सामने मुख्य मार्ग पर भी प्रदर्शन किया। कैंट स्टेशन परिसर में प्रवेश से रोकने पर भड़के युवाओं ने प्रदर्शन किया। रोडवेज के पास भी युवकों ने पत्थरबाजी की। पथराव कर कई बसों के शीशे तोड़ दिए। कैंट स्टेशन के आसपास की दुकानें बंद हो गई हैं। इंग्लिशिया लाइन पर पथराव भी किया गया है। पुलिस प्रशासन ने अतिरिक्त पुलिस बल किसी भी स्थिति से निबटने के लिए तैनात कर दिया है। अग्निपथ योजना के विरोध में हरियाणा में भी युवाओं का विरोध प्रदर्शन जारी है। नारनौल में सड़कों पर हो रहे प्रदर्शन को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। इस दौरान दो छात्र नेता समेत 9 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं,हरियाणा के ही जींद में युवाओं ने विरोध प्रदर्शन करते वक्त जींद-दिल्ली-भटिंडा रेलवे ट्रैक को जाम कर दिया। बड़ी संख्या में युवा ट्रैक पर बैठ गए हैं। हरियाणा और रेलवे पुलिस बल हरियाणा में हिंसक प्रदर्शन को देखते हुए हाई अलर्ट मोड में है। उधर, मध्य प्रदेश के ग्वालियर में बिरला नगर रेलवे स्टेशन पर जमकर हंगामा हुआ। युवाओं ने स्टेशन पर तोड़ फोड़ की उसके बाद रेलवे ट्रेक पर कुर्सियां फैंक दी, टायरों में आग लगा दी और रेल परिवाहन बाधित कर दिया। इसके अलावा राजस्थान के सीकर और जयपुर से भी छात्रों के विरोध प्रदर्शन की हो रहे हैं। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने सेना भर्ती के लिए नई नीति अग्निपथ का ऐलान किया है। इसकी जानकारी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तीनों सेना के प्रमुखों के साथ एक प्रेस कांफ्रेंस में दी।राजनाथ सिंह ने बताया की थल सेना वायु सेना और जल सेना ने फैसला किया है कि अब नॉन कमीशन रैंक की भर्तियां अग्निपथ योजना के तहत की जाएंगे यानी सिपाही सेलर या एयर मैन बनने के लिए अग्नि पथ पर चलकर अग्निवीर बनना होगा। आपको बता दें कि इस योजना के तहत सैनिकों की भर्ती 4 वर्षों के लिए की जाएगी। चार साल की नौकरी के बाद ही वे परमानेंट सेटलमेंट के लिए आगे बढ़ पाएंगे। भर्ती अग्निवीरों के 25 फीसदी ही सैनिकों को स्थाई सेवा देने का मौका मिलेगा। बाकी अग्निवीर नौकरी से बाहर हो जाएंगे, उनके पुनर्वास के लिए भी सरकार ने एक रोडमैप बना रही हैं, ऐसा सरकार का दावा है। अग्निपथ योजना के तहत भर्ती के एलान के बाद छात्रों को कई आशंकाओं से भर दिया है। इससे पहले भर्ती को लेकर सामान्य नियम था। पहले एक विज्ञापन के जरिए इसकी जानकारी दी जाती थी और खुली भर्ती की तरह इस प्रक्रिया को पूरा किया जाता था। इसके बाद एक फिजिकल, मेडिकल और रिटर्न टेस्ट के बाद डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के बाद भर्ती पूरी कर ली जाती थी।

मौनी बाबा से मनमौजी बाबा

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

हमारे एक मित्र ने सलाह दी कि जाइए और बेचवापुर का मेला घूम आइए। बेचवापुर मेले का इतिहास सन् 2014 से आरंभ होता है। उसी वर्ष मई महीने की गर्मी के साथ शुरू हुए मेले का महत्व दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। वैसे इस मेले की शुरूआत सत्तर साल पहले हुआ था। किंतु माना जाता है कि विकास नाम के बालक के खो जाने से इस मेले का रंग फीका पड़ता चला गया। इसीलिए वास्तविक रूप से मई 2014 में विकास को खोजने की डोर किसी अन्य गाँव में छोटा सा मेला चलाने वाले को दे दिया। बेचवापुर को प्रभावित करने में इस मेले का बहुत बड़ा योगदान है। कहा जाता है कि इस इलाके में कभी मौनी बाबा रहा करते थे। उनका मौन किसी की बतकही वाले इशारे से चला करता था। इशारों के खेल में मुश्किल यह थी कि खरीददार अ को ब और ब को अ सुनते थे। हर साल मेले में गजब भीड़ लगने लगी। लोग अक्सर एक-दूसरे से बात करते तो कहते झ्र कहां बेचवापुर घूमने आये हैंङ्ख..? अरे आप लोग का तो वक्त है, जाइये भइया. हमरा तो धोती बिक गयी है। बहुत से लोग जाते हैं वहां लेकिन हम ह्लवैसीह्व जगह नहीं जाते जहाँ ठन-ठन गोपालों को मारकर भगा दिया जाता हो। उस बाजार में किसानों, गरीबों, भुखमरों के जाने पर सख्त मनाही है। माना जाता है कि ऐसे लोगों के जाने से बेचवापुर को ग्रहण लग जाता है। विदेशियों को पता चलेगा तो क्या सोचेंगे? अब इस मेले में हवाई जहाज, ताजमहल, लाल किला, गाय, मिट्टी-लकड़ी-लोहे के खिलौने सब कुछ बिकते हैं। इतना ही नहीं विभिन्न प्रकार के पक्षियों सहित कई दूसरी प्रजातियों के कॉपी-पेस्ट टाईप पशु-पक्षियों का बाजार भी सजता है। बेचपवापुर के व्यस्त चौराहे पर चाय की दुकान लगाने वाला मेले की तारीफ करते नहीं थक रहा था। यह सोच सिर्फ उस व्यक्ति की नहीं थी।

वह उस चाय की दुकान पर आने झ्र जाने वाले हजारों लोगों की थी, जो बेचवापुर मेले पर चर्चा करते हैं। आप इस चाय की दुकान को छोड़िये, यदि आप इंटरनेट पर भरोसा करते हैं, तो जरा मुँहट्यूब पर बेचवापुर मेला सर्च करके देखिये।

एच एस प्रणय इंडोनेशिया ओपन के सेमीफाइनल में

जकार्ता । भारतीय खिलाड़ी एच एस प्रणय ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी रास्मस गेमके को सीधे गेम में पराजित कर इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000

बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। डेनमार्क के खिलाफ निर्णायक पांचवें मुकाबले में गेमके पर ऐतिहासिक जीत से भारत को थॉमस कप फाइनल में पहुंचाने के एक महीने बाद प्रणय ने एक बार फिर गेमके के खिलाफ 40 मिनट तक चले क्वार्टरफाइनल में शानदार प्रदर्शन कर 21-14 21-12 से जीत दर्ज की।

दुनिया के 23वें नंबर के खिलाड़ी प्रणय का यह इंडोनेशिया ओपन में दूसरा सेमीफाइनल है। वह 2017 के चरण में भी अंतिम चार में पहुंचे थे। मार्च में स्विस ओपन सुपर 300 फाइनल में पहुंचे प्रणय का सामना अब चीन के झाओ जुन पेंग से होगा। इस मैच से पहले प्रणय और गेमके के बीच जीत का रिकार्ड 2-2 से बराबरी पर था।

Coco Gauff बर्लिन ओपन के सेमीफाइनल में

बर्लिन । अमरीका की कोको गॉ पहली बार ग्रासकोर्ट टेनिस सेमीफाइनल में पहुंच गई जिन्होंने बर्लिन ओपन में कैरोलिना प्लिसकोवा को 7.5, 6.4 से हराया। अब उनका सामना ओंस



जबाउर से होगा। फ्रेंच ओपन उपविजेता 18 वर्ष की गॉ ने दोनों सेट में पिछडने के बाद वापसी करते हुए पिछले साल की विम्बलडन उपविजेता को हराया। वहीं, चौथी वरीयता प्राप्त जबाउर ने एलिकसैंड्रा सेस्नोविच को 6.7, 6.2, 6.2 से मात दी। अन्य मैचों में छठी रैंकिंग वाली मारिया सक्कारी ने फ्रेंच ओपन सेमीफाइनल खेलने वाली डारिया कासात्किना को 6.0, 6.3 से हराया। सक्कारी का सामना अब बेलिंडा बेंचिच से होगा जिन्होंने वेरोनिका कुदेरमेतोवा को 3.6, 6.3, 6.3 से हराया।

रिद्धिमा दिलावरी ने Hero WPGT के 8वें चरण में सत्र की पहली जीत दर्ज की

बेंगलुरू। भारतीय गोल्फर रिद्धिमा दिलावड़ी ने तीसरे दौर में दो बर्डी की शानदार शुरूआत से 72 का कार्ड खेलकर यहां हीरो महिला

प्रो गोल्फ टूर के 8वें चरण का खिताब अपने नाम किया। रिद्धिमा का कुल स्कोर एक अंडर 215 रहा और इस तरह उन्होंने जाहन्वी बख्शी (72), सहर अटवाल (72) और प्रणवी उर्स (76) चार शॉट की बढ़त से जीत दर्ज की। इससे रिद्धिमा के लंबे समय से चले आ रहे खिताब का सूखा भी खत्म हुआ। उन्होंने पिछला खिताब 2021 में जनवरी और फिर दिसंबर में जीता था।

ICC मीडिया अधिकार : वैश्विक संस्था ने 711 मैच के लिए 3 पैकेज निकाले

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद आईसीसी अगले 8 साल के चक्र (2024 से शुरू होकर) के लिए अपने वैश्विक टूर्नामेंट के लिए 711 मैच के लिए मीडिया अधिकार निविदा बेचने की प्रक्रिया 20 जून से शुरू करेगा। पैकेज में महिलाओं का अंडर-19 टी20 विश्व कप भी शामिल है। बीसीसीआई भारतीय क्रिकेट बोर्ड के विपरीत आईसीसी पारंपरिक सीलबंद प्रक्रिया अपनाएगा जिसमें पुरूष और महिला मैचों के लिए अलग-अलग बोली लगाई जाएंगी। भारतीय बोर्ड ने तीन दिन ई-नीलामी के जरिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मीडिया अधिकार रिकॉर्ड 48,390 करोड़ रुपए में बेचे। आईसीसी ने पुरूषों और महिलाओं के लिए तीन विशेष पैकेज निकाले हैं, जिसमें दोनों के लिए पैकेज ए में टीवी अधिकार, बी में डिजिटल अधिकार और सी में टीवी और डिजिटल दोनों को रखा गया है। पुरूषों के वर्ग में 4 और 8 साल के लिए अधिकार हासिल किए जा सकते हैं। महिलाओं के लिए केवल चार साल के समय के अधिकार हासिल किए जा सकते हैं।

फीडे कैंडीडेट्स शतरंज - नेपोमिन्सी और कारूआना की जीत से शुरुआत

मेड्रिड स्पेन । फीडे कैंडिडैट शतरंज के पहले ही राउंड में रोमांचक मुक़ाबले देखने को मिले और चार में से दो मुकाबलों में परिणाम निकले जबकि दो बाज़ियाँ अनिर्णीत रही । पहले दिन रूस के यान नेपोमिन्सी और यूएसए के फबियानों कारूआना जीत दर्ज कर शुरुआती बढ़त हासिल करने में कामयाब रहे । सबसे पहली जीत दर्ज की नेपोमिन्सी नें ,उन्होने काले मोहरो से खेलते हुए टॉप सीड चीन के डिंग लीरेन को इंग्लिश ओपनिंग में 32 चालों में पराजित किया इसके बाद बारी थी कारूआना की जिन्होने हमवतन हिकारु नाकामुरा को सफ़ेद मोहरो से खेलते हुए राय लोपेज एक्स्चेंज वेरिएशन में 50 चालों में पराजित किया । अन्य दो मुकाबलों में पोलैंड के यान डूड़ा नें हंगरी के रिचर्ड रापोर्ट से तो

अजरबैजान के तैमूर रद्जाबोव नें फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा से बाजी ड्रॉ खेलते हुए अंक बांटा । 8 खिलाड़ियों के बीच दोहरे राउंड रॉबिन आधार पर कुल 14 राउंड के इस टूर्नामेंट का विजेता विश्व विजेता मेगनस कार्लसन को विश्व खिताब की चुनौती देगा ।

44वें शतरंज ओलंपियाड की 'ऐतिहासिक' मशाल रिले की शुरुआत करेंगे पीएम मोदी

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 जून रविवार शाम राजधानी दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में 44वें शतरंज ओलंपियाड के लिए ऐतिहासिक मशाल रिले की शुरुआत करेंगे। इस मौके पर प्रधानमंत्री उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे। इस वर्ष पहली बार अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) ने शतरंज ओलंपियाड की मशाल रिले की शुरुआत की है जो कि ओलंपिक परंपरा का हिस्सा है और जिसे शतरंज ओलंपियाड में अब तक कभी शामिल नहीं किया गया था।

पीएमओ ने कहा कि शतरंज के साथ भारत के रिश्ते को और नई ऊंचाइयों पर ले जाने के उद्देश्य से शतरंज ओलंपियाड के लिए मशाल रिले की यह परंपरा

अब हमेशा भारत से शुरू होगी और मेजबान देश तक पहुंचने से पहले सभी महाद्वीपों से होकर गुजरेगी। फिडे के अध्यक्ष अर्कडी ड्वोरकोविच इस मशाल को प्रधानमंत्री को सौंपेंगे, जिसे प्रधानमंत्री आगे ग्रैंडमास्टर विश्वनाथन आनंद को सौंपेंगे। इस मशाल को आयोजन स्थल महाबलीपुरम पहुंचने से पहले 40 दिनों की अवधि के दौरान देश के 75 शहरों में ले जाया जाएगा। हर स्थान पर उस प्रदेश के शतरंज के ग्रैंडमास्टर इस मशाल को प्राप्त करेंगे। 44वां शतरंज ओलंपियाड 28 जुलाई से लेकर 10 अगस्त 2022 के दौरान महाबलीपुरम में आयोजित किया जाएगा। 1927 से आयोजित की जा रही इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का आयोजन पहली बार भारत में और 30 साल बाद एशिया में किया जा रहा है। पीएमओ के मुमाबिक 189 देशों की भागीदारी के साथ यह किसी भी शतरंज ओलंपियाड में अब तक की सबसे बड़ी भागीदारी होगी।

Rafael Nadal को विम्बलडन में खेलने की उम्मीद, पैर में दर्द से हैं पीड़ित

मैड्रिड। राफेल नडाल अपने बाएं पैर के दर्द के नए इलाज की बदौलत एक हफ्ते तक 'लंगड़ाये बिना' चल रहे हैं जिससे 22 बार का यह ग्रैंडस्लैम चैम्पियन विम्बलडन में खेलने की कोशिश करेगा। नडाल ने कहा कि मेरी इच्छा विम्बलडन में खेलने की है। उन्होंने कहा कि अगर चीजें उस तरह से नहीं होती हैं जैसा कि मैं चाहता हूं तो हम देखेंगे कि क्या होता है। लेकिन मैं खुश हूं। मैं एक हफ्ते तक लंगड़ाए बिना चल रहा हूं। पैर के दर्द से परेशान नडाल ने दो हफ्ते पहले अपना 14वां फ्रेंच ओपन खिताब जीतने के बाद कहा था कि उन्हें नहीं पता कि वह इतनी परेशानी में खेलना जारी रख पाएंगे या नहीं। वह दर्दनिवारक इंजेक्शन लेने के बाद ही रोलां गैरां ग्रैंडस्लैम पूरा खेल पाए थे। लेकिन स्पेन के इस खिलाड़ी ने कहा कि वह फिर से ऐसा नहीं करना चाहते।

हाले क्वार्टर फाइनल में Daniil Medvedev ने बतिस्ता को हराया

हाले । शीर्ष रैंकिंग वाले दानिल मेदवेदेव ने हाले ओपन टेनिस सेमीफाइनल में रॉबर्टो बतिस्ता को 6.2, 6.4 से हरा दिया। मेदवेदेव ने नौ ब्रेक प्वाइंट बचाते हुए यह मुकाबला जीता। अब उनका सामना जर्मनी के आस्कर ओटे से होगा। मेदवेदेव को हालांकि विम्बलडन में खेलने की अनुमति नहीं होगी क्योंकि यूक्रेन पर हमले के कारण रूस और बेलारूस के खिलाड़ियों पर प्रतिबंध लगा है। ओटे ने कारेन खाचानोव को 4.6, 7.6, 6.4 से मात दी। निक किर्गियोस भी पाब्लो कारेनो बस्टा को 6.4, 6.2 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। उनका सामना हुबर्ट हुरकाज से होगा जिन्होंने फेलिक्स आगर एलियास्सिमे को 7.6, 7.6 से मात दी।

वेस्टइंडीज को पहली पारी में 162 रन की बढ़त ब्रैथवेट नर्वस-90 का शिकार , बांग्लादेश दूसरी पारी में 50/2 रन

एंटीगुआ। ओपनर क्रेग ब्रैथवेट (94) और जर्मेन ब्लैकवुड (63) के अर्धशतकों की बदौलत वेस्टइंडीज ने एंटीगुआ टेस्ट मुकाबले में बांग्लादेश पर पहली पारी में 162 रनों की बढ़त बना ली है। उसने पहली पारी में बांग्लादेश के 103 रनों के जवाब में 265 रन बनाए। इतना ही नहीं, स्टंप्स से पहले उसे 50 रन पर दो झटके देते हुए बांग्लादेश को बैकफुट पर धकेल दिया।

मेजबान टीम अभी भी पहली पारी में 112 रन से पिछड़ रही है। दिन का खेल समाप्त होने पर महमूदुल हसन जॉय 18 और नजमुल होसैन शान्तो 8 रन बनाकर नाबाद हैं।

दो टेस्ट मुकाबलों की सीरीज के पहले मैच के पहले दिन वेस्टइंडीज ने 94/2 से दिन की शुरुआत की और 134 के स्कोर पर नक्रूमाह बोनर (33) का विकेट गंवाया। चौथे विकेट के लिए क्रेग ब्रैथवेट (94) और जर्मेन ब्लैकवुड (63) ने अर्धशतकीय साझेदारी निभाई। ब्रैथवेट दुर्भाग्यशाली रहे और अपने शतक से छह रन पहले ही आउट हो गए।

मेहदी हसन ने चटकाए चार विकेट

विंडीज के मध्यक्रम को बांग्लादेशी स्पिनर मेहदी हसन मिराज ने निपटाने का काम किया। निचले क्रम में गुडाकेश मोती ने नाबाद 23 रन बनाए। इस तरह वेस्टइंडीज ने अपनी पहली पारी में सभी विकेट खोकर 265 रन बनाए। बांग्लादेश के लिए मेहदी हसन मिराज ने साझेदारी को अलजारी जोसेफ ने तमीम इक़बाल को आउट कर तोड़ा, जो 22 रन बनाकर कैच आउट हुए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये मेहदी हसन मिराज भी महज 2 रन

सबसे ज्यादा 4 विकेट चटकाए। वहीं खालिद अहमद और इबादत होसैन को भी 2-2 विकेट हासिल हुए।

जोसेफ ने दिए शुरुआती झटके

दूसरी पारी में बांग्लादेश के ओपनर्स ने पहले विकेट के लिए 33 रन जोड़े। इस बनाकर जोसेफ का ही शिकार बने। हालाँकि, यहाँ से महमूदुल हसन जॉय (18*) और नजमुल (8*) ने संभलकर बल्लेबाजी की और अपनी टीम को कोई और झटका नहीं लगने दिया। स्टंप्स तक 20 ओवर में बांग्लादेश का स्कोर 50/2 था।

राजकोट टी-20आई 82 रन से जीतकर भारत ने सीरीज (2-2) की बराबर

मुंबई। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज का चौथा राजकोट के मैच सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेला गया। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा ने एक बार फिर से टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। टीम इंडिया की शुरूआत खराब रही। रुतुराज और श्रेयस सस्ते में सिमट गए। पंत भी चल नहीं पाए। लेकिन हार्दिक पांड्या के बाद दिनेश कार्तिक के अर्धशतक से टीम इंडिया निर्धारित ओवरों में 169 रन बनाने में कामयाब रही। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम आवेश खान के आगे टिक नहीं पाई। आवेश ने 4 तो युजी ने 2 विकेट लेकर दक्षिण अफ्रीका को 87 रन पर ही रोक दिया। भारत ने यह मैच 82 रन से जीता। अब सीरीज 2-2 की बराबरी पर आ गई है। पांचवां टी-20 निर्णायक होगा।

भारत (पहली पारी)

रुतुराज फिर फेल

तीसरे टी-20 में अर्धशतक बनाकर क्रिकेट फैंस को ढांढस बंधाने वाले भारतीय ओपनर रुतुराज गायकवाड़ एक बार फिर से बड़ा स्कोर बनाने में फेल हो गए। रुतुराज को दूसरी ही ओवर में लुंगी नगिड़ी ने डिकॉक के हाथों कैच आऊट कराया। रुतुराज के बाद श्रेयस अय्यर (4) भी अगली ही ओवर में मार्को जेन्सन की गेंद पर पगबाधा आऊट हो गए।

फिर वाइड गेंद का पीछा करते आऊट हुए पंत

पंत के लिए यह सीरीज अच्छी नहीं गई है। सीरीज के चौथे मैच में भी वह वाइड गेंद का पीछे करते हुए गलत शॉट लगा बैठे और अपना विकेट गंवा बैठे। लय ढूंढने में लगे पंत ने मैच में 23 गेंदों

में दो चौकों की मदद से 17 रन बनाए। सीरीज में तीन बार वह स्पिनर का शिकार बने हैं। दो बार उन्हें केशव महाराज पवेलियन भेजने में सफल रहे।

हार्दिक पांड्या ने 148 की स्ट्राइक रेट से बनाए रन

टीम इंडिया के लिए सीरीज में हार्दिक पांड्या पॉजीटिव साइन लेकर आए हैं। उनका बल्ला लगातार चल रहा है। राजकोट टी-20 में भी हार्दिक ने तब पारी को संभाला जब 40 रन पर तीन विकेट गिर चुके थे। हार्दिक ने 31 गेंदों में तीन चौके और तीन छक्कों की मदद से 46 रन बनाए। उन्हें लुंगी नगिड़ी ने शम्सी के हाथों कैच आऊट कराया।

दिनेश कार्तिक ने लगाया अर्धशतक

लंबे समय बाद टीम इंडिया में वापसी कर रहे दिनेश कार्तिक ने एक छोर संभालकर सीरीज का अपना पहला अर्धशतक जमाया। दिनेश ने शुरूआती गेंदों पर नपीतुली बल्लेबाजी की लेकिन अंत के ओवरों में तेजतर्रार तरीके से रन बटोरे। वह आखिरी ओवर में प्रिटोरियस की गेंद पर आऊट हुए। उन्होंने 26 गेंदों में नौ चौके और दो छक्कों की मदद से 55 रन बनाए। लेकिन तब तक टीम इंडिया 150 रन के स्कोर को पार कर चुकी थी।

दक्षिण अफ्रीका (दूसरी पारी)

भुवी ने बावुमा को लाया बैकफुट पर

दक्षिण अफ्रीकी कप्तान टेम्बा बावुमा पारी की शुरूआत से ही बैकफुट पर दिखे। भुवनेश्वर कुमार की घुमावदार गेंदों को वह समझ नहीं पाए। भुवी ने दो बार बावुमा की बॉडी पर हिट किया। पहली बार अंगुलियों पर तो दूसरी बार उनका बाऊंसर बावुमा की छाती पर जा लगा। बावुमा इससे उभरे कि एक रन लेने के चक्कर में फील्डर का फेंका तेज थ्रो उनके हाथ पर लग गया। दर्द से करहा उठे बावुमा को रिटायर्ट हर्ट होना पड़ा।

डिकॉक, प्रिटोरियस हुए फेल-

दक्षिण अफ्रीका के लिए सीरीज में डिकॉक और प्रिटोरियस अच्छी पारियां खेल रहे थे लेकिन राजकोट टी-20 में इनके बल्ले से ज्यादा रन नहीं निकल पाए। डिकॉक जहां 13 गेंदों में दो चौकों की मदद से 14 रन बनाकर रन आऊट हो गए तो वहीं, ड्वेन प्रिटोरियस को आवेश खान ने शून्य पर पंत के हाथों कैच आऊट कराया।

चहल और हर्षल ने निकाले क्लासेन-मिलर के विकेट-दक्षिण अफ्रीका की टीम भारतीय गेंदबाजों के आगे दबाव में आ गई। इसी दबाव का फायदा उठाते हुए युजी चहल ने हेनरिक क्लासेन को 8 रन पर बोल्ड कर दिया। इसके बाद तेज गेंदबाज हर्षल पटेल ने भी डेविड मिलर को बोल्ड कर दक्षिण अफ्रीका की बची उम्मीदें भी तोड़ दीं।

आवेश की गेंद जेन्सन के हेल्मेट पर लगी

टीम इंडिया के लिए आवेश खान का फेंका गया 14वां ओवर खास रहा। आवेश ने खरतनाक नजर आ रहे वेन दूसें को 20 रन पर पवेलियन का रास्ता दिखाया। इसके बाद उनकी एक गेंद मार्को जेन्सन के हेल्मेट पर जा लगी। गेंद लगने से मार्को सुधबुध खो बैठे। फिजियो ने मैदान पर आकर उनका हाल जाना। इस दौरान टीम इंडिया के प्लेयर भी उनके आसपास दिखे। जेन्सन इस दबाव को झेल नहीं पाए और अगली ही गेंद पर छक्का उड़ाने के चक्कर में रुतुराज के हाथों लपके गए। आवेश यही नहीं रुके, ओवर की आखिरी गेंद पर उन्होंने महाराज को भी पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। आखिर में चहल और अक्षर पटेल ने 1-1 विकेट लेकर साऊथ अफ्रीका की पारी सिमेट दी। अफ्रीकी कप्तान बावुमा चोट लगने के कारण दोबारा बल्लेबाजी नहीं कर करने आए।

नंबर एक बनने की चाह में नीदरलैंड से भिड़ेगा भारत

रोटडर्म। ओलंपिक चैम्पियन बेल्जियम के खिलाफ पिछले हफ्ते शानदार प्रदर्शन के बाद भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2021/22 के अपने अंतिम दो मैचों में टेबल-टॉपर नीदरलैंड का सामना करेगी। नीदरलैंड के रॉटरडैम में इस हफ्ते के अंत में होने वाले डबल-हेडर मुकाबलों से पहले भारत के कप्तान अमित रोहिदास ने कहा कि टीम हॉकी लीग को जीत के साथ समाप्त करना चाहती है।

रोहिदास ने कहा- यह हमारे एफआईएच हॉकी प्रो लीग 21/22 अभियान के अंतिम दो मैच होंगे और निश्चित रूप से टीम जीत के साथ अपना अभियान समाप्त करना चाहती है। इन मैचों को खेलना, साल की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका की यात्रा करना, फिर घरेलू मुकाबले खेलना और अब यूरोप में खचाखच भरे स्टेडियम के सामने खेलना एक शानदार अनुभव रहा। लीग ने हमें शीर्ष टीमों के बारे में अच्छी जानकारी दी है। एक इकाई के रूप में हमें कैसे सुधार करना चाहिए, यह हमारे लिए एक बड़ी सीख रही है।

भारत वर्तमान में पूल स्टैंडिंग में 29 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है जबकि नीदरलैंड 31 अंकों के साथ पहले स्थान पर है और उसे अभी चार मैच खेलने हैं। दूसरे स्थान पर 31 अंकों के साथ मौजूद बेल्जियम को भी इस सप्ताह के अंत में इंग्लैंड के खिलाफ दो मैच खेलने हैं। भारतीय टीम के उपकप्तान हरमनप्रीत सिंह ने अंक तालिका में अपना स्थान बेहतर करने के लिये जीत के महत्व पर कहा कि हमें इस हफ्ते के अंत में दोनों मैच जीतने हैं। इसपर कोई दोराय नहीं है।

उड़ान के दौरान नेपाली प्रधानमंत्री के हेलीकॉप्टर में ईंधन हो गया खत्म !

काठमांडू। उड़ान के दौरान नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा और शिक्षा मंत्री देवेंद्र पौडेल को लेकर जा रहे सेना के हेलीकॉप्टर का ईंधन खत्म हो गया। इसके बाद अफरा-तफरी में

हेलीकॉप्टर की भैरहवा गौतम बुद्ध अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात लैंडिंग करवानी पड़ी। देउबा और पौडेल, फार वेस्टर्न यूनिवर्सिटी के एक समारोह में हिस्सा लेने के लिए काठमांडू से धनगढ़ी जा रहे थे। हवाईअड्डे के प्रवक्ता श्याम किशोर साह ने बताया कि हेलीकॉप्टर ने ईंधन भरने के लिए करीब 20 मिनट तक गौतम बुद्ध अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर रुकने के बाद धनगढ़ी के लिए उड़ान भरी। प्रधानमंत्री देउबा के हेलीकॉप्टर की आपात लैंडिंग की खबर सुनकर लुंबिनी प्रांत के नेपाली कांग्रेस के नेता और राज्य सरकार के मंत्री हवाई अड्डे पर पहुंच गए।

नेपाली कांग्रेस के केंद्रीय सदस्य और पूर्व राज्य मंत्री अब्दुल रज्जाक, रूपनदेही के अध्यक्ष और तिलोत्तमा नगर पालिका के प्रमुख रामकृष्ण खान, सिद्धार्थनगर नगर पालिका के प्रमुख इश्तियाक अहमद खान, नेपाली कांग्रेस सिद्धार्थनगर अध्यक्ष कोशीस बहादुर खडका, नेपाल के अध्यक्ष तरुण दल रूपनदेही और वार्ड सिद्धार्थ नगर-13 के अध्यक्ष सोम बहादुर गुरुंग, नगर अध्यक्ष दीपेंद्र बुढाप्रीति, युवा नेता व पूर्व जिला सदस्य ओम कुमार श्रेष्ठ समेत अन्य ने देउबा से मुलाकात की।

विदेश मंत्री बिलावल ने कहा - भारत के प्रति नहीं बदलेगी पाकिस्तान की नीति

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने कहा कि भारत के प्रति उसकी नीति में कोई बदलाव नहीं आया है। नई दिल्ली के साथ संबंध पुनर्स्थापित करने की विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी के जोरदार हिमायत करने पर स्थिति स्पष्ट करने की कोशिश करते हुए यह कहा गया। पाकिस्तान ने जोर देते हुए कहा कि उनकी टिप्पणी को गलत रूप में पेश किया गया। बिलावल ने कहा था कि भारत के साथ संबंध तोड़ना पाकिस्तान के हित में नहीं होगा क्योंकि इस्लामाबाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग पड़ चुका है। बिलावल की टिप्पणी पर मीडिया में आई खबरों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए विदेश कार्यालय ने एक बयान में कहा, ''भारत के प्रति पाकिस्तान की नीति में कोई बदलाव नहीं आया है और इस पर राष्ट्रीय आमराय है। पाकिस्तान ने सदा ही भारत सहित अपने सभी पड़ोसियों के साथ सहयोगी संबंधों की इच्छा जताई है। हमने जम्मू कश्मीर विवाद सहित सभी लंबित मुद्दों के हल के लिए सार्थक और नतीजे देने वाली वार्ता की हिमायत की है। 'बयान में कहा गया है कि बिलावल की टिप्पणी की संदर्भ से हट कर व्याख्या की गई और उसे गलत रूप में पेश किया गया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि सार्थक और नतीजे देने वाली वार्ता के लिए उपयोगी माहौल बनाने के वास्ते आवश्यक कदम उठाने की जिम्मेदारी भारत की है।

यूएसएड प्रमुख ने भारतीय सामाजिक कार्यकर्ता निखिल डे से मुलाकात की

वाशिंगटन। अंतरराष्ट्रीय विकास के लिए अमेरिका एजेंसी (यूएसएड) की प्रशासक और बाइडन प्रशासन की एक शीर्ष अधिकारी सामंथा पावर ने लोकतंत्र के सामने आने वाली चुनौतियों पर चर्चा करने के लिए भारतीय सामाजिक कार्यकर्ता निखिल डे से मुलाकात की।

पावर ने भारत में मजदूर किसान शक्ति संगठन (एमकेएसएस) और 'नेशनल कैंपेन फॉर पीपुल्स राइट टू इंफॉर्मेशन' (एनसीपीआरआई) के संस्थापक सदस्य निखिल डे से मुलाकात की। डे 'ओपन गवर्नमेंट पार्टनरशिप स्टीयरिंग कमेटी' के पूर्व सदस्य भी हैं। दोनों के बीच बृहस्पतिवार को यहां बैठक हुई। एक बयान में कहा गया है कि पावर और डे ने भारत और दुनिया भर में लोकतंत्र और भ्रष्टाचार विरोधी कार्यों के सामने आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की।

काबुल में गुरुद्वारा कार्ते परवान पर फिर आंतकी हमला, कई लोगों की मौत

काबुल। अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में गुरुद्वारा कार्ते परवान पर हुए भीषण हमले में कई लोग मारे गए । गुरुद्वारे के आसपास के इलाके में फायरिंग व कई धमाकों की आवाजें सुनी गई । अभी तक तालिबान की ओर से कोई बयान नहीं आया है। बताया जा रहा है कि दो हमलावर अभी गुरुद्वारे के अंदर मौजूद हैं। गुरुद्वारे के अंदर भी दो धमाके हुए हैं। गुरुद्वारे के अंदर 15 से ज्यादा लोग अभी फंसे हुए हैं। अफगान पत्रकार बिलाल सरवरी ने तालिबान के हवाले से बताया कि गुरुद्वारे के गेट के बाहर सबसे पहले विस्फोट हुआ जिसमें कम से कम दो अफगान लोग मारे गए हैं। इसके बाद गुरुद्वारे के अंदर दो विस्फोट हुए। इस हमले की चपेट में गुरुद्वारे से सटी सिखों की कुछ दुकानें भी आ गईं और उनमें आग लग गई। दो हमलावर अभी गुरुद्वारे के अंदर मौजूद हैं और तालिबानी सुरक्षाकर्मी उन्हें जिंदा पकड़ने की कोशिश कर रहे

हैं।अफगान मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक इस हमले के दौरान काफी देर तक गोलीबारी हुई है और विस्फोट भी हुए हैं। तालिबानी सुरक्षा बलों ने हमले पर कोई टिप्पणी नहीं है। इस गुरुद्वारे के आसपास बड़ी संख्या में सिख लोग रहते हैं। इससे पहले भी इस गुरुद्वारे पर कई बार भीषण हमले हो चुके हैं। तालिबान ने पिछले दिनों दावा किया था कि उसने गुरुद्वारा कार्ते परवान पर हमला करने वालों को गिरफ्तार कर लिया गया है। तालिबान ने कहा था कि इन हमलावरों को न्याय के कटघरे में पेश किया जाएगा।

बता दें कि पिछले साल अक्टूबर के पहले हफ्ते में ही काबुल के इस गुरुद्वारा में कुछ हथियारबंद लड़ाके जबरन दाखिल हो गए थे। उन्होंने सुरक्षा में तैनात गार्ड्स को हिरासत में लिया और सीसीटीवी कैमरों को तोड़ डाला था। रिपोर्ट्स के मुताबिक 15-16 हथियारबंद अज्ञात लोग गुरुद्वारा के अंदर दोपहर के वक्त पहुंच गए थे। इन लोगों ने तीन गार्ड्स के हाथ-पैर बांध दिए। उन्होंने बाहर जाते हुए सीसीटीवी भी तोड़ दिए थे। इंडिया वर्ल्ड फोरम के अध्यक्ष पुनीत सिंह चंडोक ने बताया था कि हथियारबंद तालिबानी अधिकारी गुरुद्वारे में दाखिल हुए थे। इस हमले के बाद मामले में पीएम नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्रालय से मामले में दखल देने की अपील की गई थी। उन्होंने मांग की थी कि अफगानिस्तान में हिंदू और सिखों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

भारत के रसीले आम यूरोपीय बाजार में पहुंचाने की तैयारी, पीयूष गोयल ने बेल्जियम में किया मैंगो फेस्टिवल का उद्घाटन

वाशिंगटन। अभारत से मध्य पूर्व व अरब देशों में आम का बड़े पैमाने पर निर्यात होता है। लेकिन अब भारत के रसीले आमों को यूरोपीय बाजारों में भी बड़े पैमाने पर पहुंचाने की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। इसी क्रम में बेल्जियम की राजधानी ब्रुसेल्स में 'मैंगो फेस्टिवल' का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने इसका शुभारंभ किया। बेल्जियम में आम लैटिन अमेरिकी देशों से पहुंचते हैं।

इस मौके पर पीयूष गोयल ने यूरोपीय संघ व भारत के बीच मुक्त व्यापार वार्ता का जिक्र करते हुए कहा कि इसकी शुरुआत 'मैंगो मैनिया' के साथ ही हुई थी। हालांकि,FTA को 2013 में रोक दिया गया था, हमने अब फिर से ये पहल की है। यह वार्ता औपचारिक रूप से फिर से शुरू की जाएगी। बेल्जियम, लक्जबर्ग व यूरोपीय संघ श्व के भारतीय राजदूत संतोष झा का कहना है कि यहां के बाजार में भारतीय आमों के लिए अपार संभावना है। झा ने

कहा कि बेल्जियम में पहले मैंगो फेस्टिवल के आयोजन का उद्देश्य लोगों को इसका स्वाद चखाना है। बेल्जियम को यूरोप की राजधानी माना जाता है। यहां ईयू के सभी संगठनों के दफ्तर हैं। इसके शुभारंभ के मौके पर केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल का मौजूद रहना सुखद संयोग है। मुझे इस बात की खास खुशी है कि मैंगो फेस्टिवल में प्रदर्शित किए गए अधिकांश आम मेरे गृह राज्य बिहार के हैं। मैंने भी कई सालों बाद इनका लुत्फ लिया है। भारतीय दूतावास में कृषि व मरीन उत्पादों की सलाहकार डॉ. स्मिता सिरोही ने बताया कि यूरोप में ब्रिटेन व जर्मनी में भारतीय बाजार हैं। बेल्जियम में मैंगो फेस्टिवल आयोजित करने का विचार यूरोपीय बाजारों में भारतीय आमों को प्रदर्शित करना है। बेल्जियम में ज्यादातर आम लैटिन अमेरिकी देशों से आ रहे हैं। सात किस्मों के आम प्रदर्शित किए गए ब्रुसेल्स में आयोजित आम प्रदर्शनी में भारतीय आमों की सात किस्मों को प्रदर्शित किया गया है। आंध्र प्रदेश के बंगनपल्ली, उत्तर प्रदेश के मलिहाबाद दशहरी, ओडिशा के आम्रपाली, के अलावा लक्ष्मण भोग, हिमसागर, जर्दालु आम, लंगड़ा आम और 12 जीआई-टैग उत्पाद पेश किए गए हैं।

लैंगिक असमानता में बढ़ोतरी हुई : भारतीय-अमेरिकी गीता राव

वाशिंगटन। वैश्विक महिला मामलों के दूतावास प्रभारी पद के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा नामित भारतीय-अमेरिकी गीता राव गुप्ता ने कहा कि दुनिया के विभिन्न हिस्सों में संघर्षों के अलावा कोविड-19 वैश्विक महामारी, जलवायु संकट और निरंकुशता बढ़ने से लैंगिक असमानता में वृद्धि हुई है। पद पर गुप्ता के नाम की पुष्टि के लिए बृहस्पतिवार को हुई सुनवाई के दौरान उन्होंने 'सीनेट कमेटी ऑन फॉरेन रिलेशंस' के समक्ष कहा कि उन्हें अमेरिकी नागरिक होने और समुदायों की सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाली पेशेवर महिलाओं एवं उनका पूरा समर्थन करने वाले पुरुषों के परिवार से संबंध रखने वाली पहली पीढ़ी की प्रवासी होने पर गर्व है। गुप्ता ने कहा, ''यदि आप आज दुनिया को देखें, महिलाओं के हालात देखें, यदि आप लैंगिक असमानता के संकेतकों को देखें तो वे दर्शाते हैं कि असमानता बढ़ी है।'' लैंगिक एवं महिलाओं संबंधी मामलों की विशेषज्ञ गुप्ता ने सीनेटर जिएने शाहीन के एक सवाल के जवाब में कहा, ''हम हमारे सामने मौजूद खतरों के कारण लैंगिक समानता के मामले में पीछे खिसके हैं। इस समय हमारे सामने महिलाओं को श्रम बल से दूर करने वाली कोविड-19 महामारी, जलवायु संकट, तानाशाही उदय और दुनियाभर में संघर्ष जैसे खतरे हैं।''गुप्ता के अनुसार, दुनियाभर में महिलाओं को कई असमानताएं और अपमान झेलने पड़ते हैं, जो उन्हें अर्थव्यवस्था में पूर्ण भागीदारी से रोकते हैं।

गुप्ता ने सांसदों को बताया कि उन्होंने भारत में अपना डॉक्टरेट शोध उन बाधाओं को समझने के लिए किया, जिनका सामना महिलाओं को अपने करियर में करना पड़ता है और इसी ने उन्हें महिलाओं के समक्ष पेश आने वाली असमानताओं को दूर करने के लक्ष्य पर केंद्रित करियर अपनाने के लिए प्रेरित किया गुप्ता ने कहा, ''यह मेरा जुनून और मेरा पेशा बन गया।'' मुंबई में जन्मी गुप्ता बेंगलुरु विश्वविद्यालय से मनोविज्ञान में पीएचडी और दिल्ली विश्वविद्यालय से दर्शनशास्त्र में स्नातकोत्तर हैं।

अमेरिका : कांग्रेस कार्यालय की इमारत में अवैध प्रवेश के आरोप में सात गिरफ्तार

वाशिंगटन। अमेरिका की कैपिटल (संसद परिसर) पुलिस ने बताया कि अधिकारियों ने रात कांग्रेस कार्यालय की इमारत में अनधिकृत रूप से प्रवेश करने वाले सात लोगों को गिरफ्तार कर उन पर गैर-कानूनी प्रवेश का आरोप तय किया। नाम न जाहिर करने की शर्त पर उक्त मामले से परिचित एक व्यक्ति ने एसोसिएटेड प्रेस (एपी) को बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों ने कहा था कि उनका संबंध सीबीएस के एक कार्यक्रम 'लेट शो विद स्टीफन कोलबर्ट' से है। एक अन्य व्यक्ति ने एपी को उन नौ लोगों की सूची प्रदान की, जिन्हें पुलिस ने रोका था। इनमें 'ट्रंफ द इंसल्ट कॉमिक डॉग' के निर्माता रॉबर्ट स्मिगेल सहित कई अन्य निर्माता शामिल थे। यह घटना संसदीय समिति द्वारा छह जनवरी 2021 को कैपिटल परिसर में हुई हिंसा की जांच करने वाली तीसरी जन सुनवाई के बाद हुई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि उन्हें रात लगभग साढ़े आठ बजे लॉन्गवर्थ हाउस ऑफिस में गड़बड़ी की सूचना मिली थी। पुलिस ने एक बयान जारी कर कहा, 'अधिकारियों ने छठी मंजिल पर सात व्यक्तियों को देखा, जो बिना पहचान पत्र और सुरक्षा घेरे के वहां मौजूद थे। इमारत आगंतुकों के लिए बंद थी और इन लोगों को दिन में ही इमारत से निकलने का निर्देश दिया गया था।' 'हॉलीवुड रिपोर्टर' को दिए एक बयान में सीबीएस ने कहा कि 'ट्रंफ द इंसल्ट कॉमिक डॉग' के एक हिस्से की शूटिंग के सिलसिले में चैनल का प्रोडक्शन दल बुधवार और बृहस्पतिवार को कैपिटल परिसर पहुंचा था।

FATF की ग्रे लिस्ट में ही रहेगा PAK : फाइनेंशियल टास्क फोर्स ने कहा- टेरर फाइनेंस पर सख्त कदम जरूरी, ऑन साइट वेरिफिकेशन करेंगे

वाशिंगटन। चार साल बाद भी पाकिस्तान फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स, यानी FATF की ग्रे लिस्ट से बाहर नहीं निकल सका। शुक्रवार देर रात FATF ने एक बयान में साफ कर दिया कि पाकिस्तान को टेरर फाइनेंस रोकने के लिए अब भी सख्त कदम उठाने की जरूरत है। संगठन के मुताबिक- हम ऑन साइट वेरिफिकेशन करेंगे ताकि टेरेरिज्म पर लगाम जमीनी स्तर पर भी नजर आए। पाकिस्तान ने 34 शर्तें पूरी की हैं, लेकिन हम इनको वेरिफाइ करेंगे।

इस फैसले के मायने क्या हैं

इस पाकिस्तान के लिए उम्मीद के तौर पर देखा जा सकता है। दरअसल, FATF ने कहा है कि वो ऑन साइट वेरिफिकेशन करेगा। इसके मायने ये हुए कि FATF टीम पाकिस्तान के बैंकिंग सेक्टर और टेरर फाइनेंसिंग के तमाम लूप होल्स की जांच करेगी। अगर जमीन पर सुधार नजर आया तो अगली मीटिंग में शायद पाकिस्तान को इस लिस्ट से निकाल दिया जाए। तब तक दिवालिया होने की कगार पर खड़े पाकिस्तान को इंतजार करना होगा। ऑन साइट वेरिफिकेशन की कोई तारीख फिलहाल तय नहीं की गई है।

ग्रे लिस्ट वाले देशों को किसी भी इंटरनेशनल मॉनेटरी बॉडीज जैसे IMF, ADB और वर्ल्ड बैंक से कर्ज लेने के पहले बेहद सख्त शर्तों को पूरा करना पड़ता है। ज्यादातर संस्थाएं कर्ज देने में आनाकानी करती हैं। ट्रेड में भी दिक्कत होती है। एक्सपोर्ट में तमाम सख्त शर्तें पूरी करनी पड़ती हैं।

उम्मीदें टूटीं

पाकिस्तान के तमाम एक्सपर्ट्स मानकर चल रहे थे कि इस बार उनके देश को ग्रे लिस्ट से बाहर कर दिया जाएगा। इसकी वजह यह थी कि पिछली बार पाकिस्तान सिर्फ एक शर्त पूरी करने से पीछे रह गया था। शहबाज शरीफ सरकार और इसके पहले इमरान खान ने ग्रे लिस्ट से बाहर आने के लिए तमाम कवायदें की थीं, लेकिन नतीजा उल्टा निकला। एक्सपर्ट्स का मानना है कि स्नञ्जस्न की मीटिंग में बहुत सख्ती से इस बात पर गौर किया गया कि पाकिस्तान ने टेरर फाइनेंसिंग और बड़े आतंकियों के खिलाफ क्या कार्रवाई की और इसके सबूत कहां हैं?

तीसरी बार भारत यात्रा करना चाहते हैं अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन भारत के साथ रिश्तों को लेकर खासे आशान्वित हैं। उन्होंने कहा है कि वे दो बार भारत जा चुके हैं और जल्द ही तीसरी बार भारत की यात्रा करना चाहते हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने संवाददाताओं से बातचीत में भारत के साथ रिश्तों को लेकर खुलकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारत के साथ उनके बहुत ही अच्छे संबंध हैं। इसीलिए उन्होंने दो बार भारत की यात्रा भी की है। भारत के साथ अमेरिका के द्विपक्षीय संबंधों की सराहना करते हुए उन्होंने पुनः भारत यात्रा की इच्छा जाहिर की और फिर विश्वास के साथ कहा कि वे जल्द ही तीसरी बार भारत की यात्रा करेंगे।

इस बीच अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने भी भारत-अमेरिका रिश्तों को बेहद मजबूत करार दिया है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने कहा है कि भारत और अमेरिका के बीच संबंध पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन के कार्यकाल में बढ़ने शुरू हुए थे।

अखंड भारत संदेश

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक

स्वामी श्री योगी सत्यम एवम् योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवम् क्रियायोग आश्रम अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश 211019 से प्रकाशित।

Title UPHIN 29506

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बंधित विवादों का न्याय क्षेत्र कौशाम्बी, प्रयागराज होगा।

ब्राजील में लापता ब्रिटिश पत्रकार डोम फिलिप्स की मौत

रियो डी जनेरियो। ब्राजील के सुदूर इलाके में लापता ब्रिटिश पत्रकार डोम फिलिप्स की मौत हो चुकी है। शव के अवशेषअमेजन वर्षावन क्षेत्र में मिले हैं। ब्राजील पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि ब्रिटिश पत्रकार डोम फिलिप्स के अवशेषों की आधिकारिक पहचान कर ली गई है। उनका शव अमेजन वर्षावन में दफना दिया गया था। वह एक पुस्तक शोधयात्रा के दौरान लापता हुए थे।

पुलिस के मुताबिक फिलिप्स 5 जून को स्वदेशी विशेषज्ञ गाइड ब्रूनो परेरा के साथ लापता हो गए थे। द गार्जियन और अन्य प्रमुख अंतरराष्ट्रीय समाचार पत्रों में लंबे समय से योगदान देने वाले फिलिप्स के साथ परेरा अमेजन के सतत विकास पर एक पुस्तक पर काम कर रहे थे।

रिपोर्ट में दावा: भारत को सीएए-किसान, पैगंबर व अग्निपथ हिंसा से हुआ 646 अरब डॉलर का नुकसान

वॉशिंगटन। भारत में लगातार बढ़ती हिंसक घटनाओं के कारण देश को आर्थिक रूप से भारी नुकसान पहुंचा है। CAA/NRC, किसान आंदोलन, पैगंबर विवाद के बाद भारतीय सेना के लिए लागू की गई अग्निपथ योजना के कारण देश में बड़े पैमाने पर हुई हिंसा से देश को अरबों डॉलर का नुसान हुआ है । यही कारण है कि ग्लोबल पीस इंडेक्स में भारत 163 देशों की सूची में 135वें स्थान पर है। इन हिंसक घटनाओं में भारत को 646 अरब डॉलर का नुकसान हो चुका है। इन पैसों से देश के बजट को बढ़ाया जा सकता था। कई तरह की कल्याणकारी योजनाएं लागू की जा सकती थीं लेकिन, हिंसा की आग ने सब कुछ तहस-नहस कर दिया। भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान और चीन क्रमश 54वें और 138वें स्थान पर काबिज हैं।

भारत में हिंसा की आर्थिक लागत सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का छह फीसदी है। यानी जितनी भारत की जीडीपी है, उसका छह फीसदी हिस्सा सिर्फ हिंसा में नष्ट हो चुका है। पिछले कुछ साल में देश में कई मुद्दों को लेकर हिंसक प्रदर्शन हो चुके

हैं। इस कारण कर्फ्यू, इंटरनेट शटडाउन जैसे सख्त कदम भी उठाने पड़े हैं। इनके अलावा आतंकवादी और नक्सली हमलों के कारण भी देश को तगड़ी आर्थिक चोट पहुंच चुकी है। इन घटनाओं में जान-माल की हानि के अलावा प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से देश को भी नुकसान उठाना पड़ा है।

वैश्विक शांति सूचकांक 2022 की रिपोर्ट के अनुसार, हिंसक आंतरिक संघर्ष का सामना करने वाले देशों की संख्या 29 से बढ़कर 38 हो गई, लेकिन आंतरिक संघर्षों में मारे गए लोगों की संख्या 2017 के बाद से कम हुई है। अफ्रीका के बाद दक्षिण एशिया दुनिया का दूसरा सबसे अशांत क्षेत्र रहा है।

सीरिया, दक्षिण सूडान और मध्य अफ्रीकी गणराज्य में हिंसा के कारण सबसे ज्यादा आर्थिक नुकसान हुए हैं। जबकि आइसलैंड, कोसोवो और स्विटजरलैंड सबसे कम प्रभावित देश रहे हैं। 2022 की रिपोर्ट के अनुसार, आइसलैंड दुनिया का सबसे शांत देश रहा है। दूसरे स्थान पर न्यूजीलैंड और तीसरे पर आयरलैंड काबिज है। वहीं, सबसे ज्यादा अशांत देशो में अफगानिस्तान टॉप पर है। 163 देशों के इस सूचकांक में भी अफगानिस्तान को आखिरी स्थान मिला है। इसके ऊपर यमन और सीरिया काबिज हैं। ये तीनों देश गंभीर रूप से आतंकवाद और गृहयुद्ध का सामना कर रहे हैं।

बाप ने बेटे की एक्स लवर संग बनाए संबंध : बोला-रोज बीवी से झूठ बोलकर लड़की के पास जाता हूं, रिलेशन तोड़ने पर करती है ब्लैकमेल

वॉशिंगटन। सोशल मीडिया पर डेलीमेल के एक यूजर का मेल वायरल हो रहा है। जिसमें उन्होंने अपने अनोखे अफेयर के बारे में बताया कि वह अपने बेटे के एक्स के साथ रिलेशनशिप में हैं। वह हर रोज अपनी पत्नी को झूठ बोलकर उसके पास जाता है और उससे कहता है कि वह बिजनेस के सिलसिले में जा रहा है।

बेटे से ज्यादा पिता के साथ खुश है लड़की- यूजर के लिखे मेल के अनुसार, वह अपने बेटे की एक्स के साथ रिलेशनशिप में है। लड़की कहती है कि मेरे बेटे के साथ उसने कभी अच्छा फील नहीं किया। मेरे साथ वह काफी खुश है। मेरे बेटे को हमारे रिश्ते के बारे में कुछ भी मालूम नहीं है। वह विदेश में है। वह यह जानकर बहुत दुखी होगा कि मैं उसके खरीदे गए बिस्तर पर उसकी एक्स के साथ समय बिता रहा हूं।

पत्नी को हर रोज झूठ बोलता है शख्स- यूजर ने बताया कि मैं अपनी पत्नी से रोजाना झूठ बोल रहा हूं। मेरी पत्नी सोचती है कि मैं अपना खुद का बिजनेस सेटअप कर रहा हूं लेकिन यह सब झूठ है।